दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K
RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणा-पुंज विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-16 अंक-127 सीहोर, बुधवार 10 जुलाई 2019 पृष्ठ-8 कीमत- 70 पैसे सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

**अनमोलन वचन**

नसीब के सहारे चलना अपने पैरो पर कुल्हाड़ी मारने के बराबर है और ऐसे लोगो को बर्बाद होने में वक्त भी नही लगता है

...............

चाणक्य

## विधानसभा स्पीकर ने विधायकों के इस्तीफों पर फंसाया पेंच

### -कर्नाटक संकट

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक में कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) पर संकट गहराता ही जा रहा है। अब 13 विधायकों के इस्तीफे पर विधानसभा स्पीकर केआर रमेश कुमार का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने राज्यपाल वजुभाई को खत लिखकर बताया कि कोई भी बागी विधायक मुझसे नहीं मिला। बागी 13 विधायकों में से 8 के इस्तीफे कानून के मुताबिक नहीं हैं। उन्होंने कहा है, मैंने इन इस्तीफा दिए विधायकों को पेश होने का समय दिया है।

कई विधायकों के इस्तीफों के बाद सियासी भंवर में फंसी सरकार को बचाने के लिए कांग्रेस ने कोशिशें तेज कर दी हैं। सूत्रों के मुताबिक मसले को सुलझाने के लिए सोनिया गांधी के कहने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद बेंगलुरू रवाना हो गए हैं। इससे पहले कर्नाटक कांग्रेस ने विधानसभा स्पीकर को आवेदन देकर उन विधायकों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा था जिन्होंने पार्टी के आदेशों का उल्लंघन किया हैबता दें कि कर्नाटक की राजनीति के लिए आज का दिन काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि विधानसभा स्पीकर आज विधायकों के इस्तीफे पर फैसला लेंगे। उसके बाद यह तय करेंगे की आगे क्या करना है।

जब विधायकों ने इस्तीफा दिया था तब स्पीकर देश से बाहर थे। लेकिन अब स्पीकर आ गए हैं ऐसे में विधायकों के इस्तीफे पर उनको फैसला करना है। अब स्पीकर ने 13 बागी विधायकों में से 8 इस्तीफे को कानून के मुताबिक नहीं है, बताया है। इसके बाद अब विधायक स्पीकर से मिलेंगे और अपनी बात रखेंगे।



नईदिल्ली में संसद के समीप एक विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुखौटा लगाकर घोड़े पर सवार कांग्रेस पार्टी का एक समर्थक एवं बनावटी नगदी के साथ एक ब्रीफकेश पकड़े गृहमंत्री अमित शाह का मुखौटा लगाकर चलते हुए अन्य समर्थकगण। कांग्रेस पार्टी के विरोध कर्ताओं ने अपने विधायकों एवं मंत्रियों को खरीदने की दक्षिण कर्नाटक राज्य की गणबंधन सरकार की कोशिश करने के लिए सत्ताधारी भारतीय जनता दल पार्टी के नेतृत्व पर आरोप लगाया है।

## मप्र विधानसभा भवन के बाहर पेड़ पर चढ़ा युवक, डीआईजी ने समझाकर उतारा

भोपाल,(हि.स.)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में मंगलवार को मानसून सत्र के दूसरे दिन विधानसभा भवन के सामने एक युवक पेड़ पर चढ़ गया और जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फायर बिग्रेड अमले की मदद से युवक को उतारने का प्रयास किया, लेकिन वह उतरने को तैयार नहीं हुआ। बाद सूचना मिलने पर डीआईजी इरशाद वली मौके पर पहुंचे और युवक को समझा-बुझाकर नीचे उतारा। पुलिस से थाने ले जाकर पूछताछ की, तो जिसमें उसने अपनी परेशानी बताई।

बता दें कि मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार को शुरू हुआ और मंगलवार को दूसरे दिन विधानसभा की कार्यवाही चल रही थी। इसी बीच दोपहर के समय विधानसभा भवन के बाहर लगे पेड़ पर चढक़र एक युवक जोर-जोर से चिल्लाने लगा। विधानसभा भवन के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था, लेकिन किसी को इसका पता ही नहीं चल पाया। पेड़ पर चढक़र वह चिल्लाने लगा, तो हडकम्प मच गया। उसके हाथ में एक कागज था और लगातार चिल्लाते हुए कुछ बोल रहा था। सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस बल और फायर बिग्रेड का अमला मौके पर पहुंचा और युवक को पेड़ से उतारने का प्रयास किया।

## बालाकोट स्ट्राइक के बाद घुसपैठ में भारी कमी


### -लोकसभा में गृह राज्य मंत्री ने बताया

नईदिल्ली(आरएनएस)। पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा की गईसर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद की कमर तोड़ दी।इस सर्जिकल स्ट्राइक का असर है कि सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ की घटनाओं में 43 फीसदी से ज्यादा की कमी आई है। ये जानकारी संसद में सरकार की तरफ से दी गईहै।इस जानकारी में ये भी कहा गया है कि आतंकी वारदातों में 28 फीसदी और स्थानीय आतंकियों की भर्ती 40 फीसदी कम हुई हैं।केंद्र सरकार ने बताया कि आतंकियों के खिलाफ सरकार का रुख सख्त है और इसी सख्त रवैये के कारण आतंकियों की हलचल काफी कम हो गईहै।

## विधानसभा में गूंजे आयुष्मान योजना व सरकारी डॉक्टरों के निजी क्लीनिक चलाने के मुद्दे

### विपक्ष के हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही बुधवार तक स्थगित

भोपाल,(हि.स.)। मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में दूसरे दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही हंगामेदार रही। प्रश्नकाल के दौरान विधायकों द्वारा नागरिकों, खासकर गरीब वर्गों के स्वास्थ्य जुड़े मुद्दे उठाए गए। इसमें आयुष्मान योजना और सरकारी डॉक्टरों द्वारा निजी क्लीनिक संचालित करने को लेकर सत्तापक्ष को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया गया। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्री ने दोनों ही मामलों में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रश्नकाल के बाद किसान कर्जमाफी के मुद्दे पर विपक्ष ने सदन में जोरदार हंगामा किया, जिसके चलते सदन की कार्यवाही को बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान विधायक कुंवर सिंह कोठार ने सरकार ने आयुष्मान योजना



के संबंध में सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी अस्पताल आयुष्मान योजना को लेकर मनमानी कर रहे हैं। उन पर क्या कार्रवाई हुई? उन्होंने एक सीहोर के आयुष्मान कार्डधारक युवक का नाम लेते हुए कहा कि उसका भोपाल के निजी चिरायु अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत उपचार किया गया। अस्पताल प्रबंध ने उससे उपचार के पैसे पहले ही जमा कर लिये गए। बाद में योजनांतर्गत उसकी राशि भी स्वीकृत कर दी गई, लेकिन उसे अब तक वह राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसको लेकर स्वास्थ्य मंत्री तुलसी सिलावट ने सदन में जवाब देते हुए बताया कि कांग्रेस की सराकर आने के बाद अब तक प्रदेश में 1 लाख 2 हजार 747 लोगों का आयुष्मान योजना के तहत इलाज किया गया है। जिन अस्पतालों ने मरीजों का इलाज नहीं हुआ, उनकी शिकायत आने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने विधायक को आश्वासन दिया कि वे जिस प्रकरण की बात कर रहे हैं उसकी जांच कराई जाएगी।

इसी बीच संस्कृति मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ ने इस योजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार की योजना है और इसमें केंद्र का सहयोग नहीं मिल रहा है, इसलिए इसका लाभ प्रदेशवासियों को नहीं मिल पा रहा है।



मुख्यमंत्री कमल नाथ ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री जयवर्द्धन सिंह को उनके जन्म-दिन पर बधाई दी।...

## सीबीआई की 19 राज्यों में 110 स्थानों पर छापेमारी, 30 मामले दर्ज

नई दिल्ली, (हि.स.)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 110 स्थानों पर छापेमारी की घटना को अंजाम दिया है। छापे के दौरान एजेंसी ने भ्रष्टाचार, आपराधिक कदाचार, हथियारों की तस्करी आदि से संबंधित अलग-अलग लगभग 30 मामले दर्ज किए हैं। गौरतलब है कि एक सप्ताह में सीबीआई द्वारा यह दूसरा बड़ा सर्च ऑपरेशन है। एजेंसी ने पिछले मंगलवार को भी बैंकिंग ऋण और धोखाधड़ी के आरोपितों के खिलाफ तकरीबन इसी तरह का ऑपरेशन किया था। तब सीबीआई ने देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तकरीबन 50 स्थानों पर सर्च ऑपरेशन को अंजाम दिया था। उस समय दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई, ठाणे, पुणे, बलसाड, सूरत, लुधियाना, गुरुग्राम, गया, भोपाल, कोलार (कर्नाटक) और पलानी (तमिलनाडु) आदि 18 शहरों में कम्पनियों, प्रमोटरों और निदेशकों तथा बैंक अफसरों के घरों तथा व्यावसायिक परिसरों से 640 करोड़ रुपये के लिए छापेमारी की गई थी।

## नरेश गोयल को विदेश जाने के लिए जमा कराने होंगे 18 हजार करोड़

**नईदिल्ली (आरएनएस)। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की मुसीबतें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। अब दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को नरेश गोयल को विदेश जाने की अनुमति देने से मना कर दिया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि अगर गोयल विदेश यात्रा करना चाहते हैं, तो उन्हें पहले बतौर गारंटी 18,000 करोड़ रुपये जमा कराने होंगे। इसके अलावा हाईकोर्ट ने नरेश गोयल के खिलाफ जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। आज सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि इस समय गोयल को कोई अंतरिम राहत नहीं दी जा सकती है और यदि वह तत्काल विदेश यात्रा करना चाहते हैं तो उन्हें गारंटी के तौर 18,000 करोड़ रुपये जमा कराने होंगे।**

## गुजरात की अदालत ने राहुल के खिलाफ दोबारा जारी किया समन

अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात के अहमदाबाद की एक अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक चुनावी रैली में भाजपा अध्यक्ष अमित शाह को 'हत्या का आरोपी' बताते हुए दिये गए भाषण को लेकर दायर मामले में आज दोबारा समन जारी किया और सुनवाई की अगली तिथि नौ अगस्त को उन्हें पेश होने के आदेश दिए।

इससे पहले गत एक मई को अदालत ने इसी मामले में गांधी के खिलाफ समन जारी करते हुए उन्हें नौ जुलाई यानी आज पेश होने को कहा था पर चूंकि तत्कालीन लोकसभा के पते पर भेजे गये उस समन को यह कहते हुए लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय ने लौटा दिया है कि इसे गांधी के निजी पते पर भेजा जाये, इसलिए आज अदालत ने इसे दोबारा जारी किया। गांधी के वकील प्रकाश पटेल ने यूएनआई से इसकी पुष्टि की। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट आर बी इटालिया की अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि नौ अगस्त तय की है।

भाजपा के स्थानीय पार्षद कृष्णवदन ब्रह्मभट्ट ने यह मामला दायर करते हुए आरोप लगाया है कि गत 23 अप्रैल की चुनावी सभा में गांधी की ओर से दिए गए भाषण से उनके नेता का अपमान हुआ है। शाह को सोहराबुद्दीन शेख मुठभेड़ प्रकरण में सीबीआई की अदालत ने पहले ही बरी कर दिया है।गत 30 अप्रैल को अदालत के समक्ष उनके वकील ने दलील दी थी कि जबलपुर में सभा होने के बावजूद टेलीविजन पर प्रसारित गांधी के भाषण को अहमदाबाद समेत देश भर में देखा सुना गया था इसलिए वह यहां मुकदमा दायर कर सकते हैं।

## कर्नाटक में सरकार बचाने को सोनिया सक्रिय, आजाद और हरिप्रसाद को सौंपी जिम्मेदारी

नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने कर्नाटक में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बीच स्थिति को संभालने के लिए दो वरिष्ठ नेताओं गुलाम नबी आजाद और बीके हरिप्रसाद को जिम्मेदारी सौंपी है। दोनों नेता बेंगलुरु रवाना हो गए हैं। ये पार्टी के नाराज विधायकों से बातचीत कर स्थिति को संभालने का प्रयास करेंगे। साथ ही जनता दल सेक्युलर के नेता और विधायकों से भी मिलेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी ने दोनों नेताओं को राज्य में सरकार बचाने की जिम्मेदारी सौंपी है। पिछले साल कर्नाटक में उपजी कुछ इसी तरह की स्थिति के लिए आजाद और अशोक गहलोत को भेजा गया था।

## पैसे देकर भी लोगों को नहीं मिलते घर, केंद्र सरकार बनाए यूनिफॉर्म प्रस्ताव

### -सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र से कहा

नईदिल्ली(आरएनएस)। बिल्डर्स को लाखों रुपये देने के बावजूद जिन लोगों को फ्लैट नहीं मिलता उनके लिए राहतभरी खबर है। सुप्रीम कोर्टने केंद्र सरकार को कहा है कि वह इन घर खरीदारों की समस्याओं को दूर करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करे। ये प्रस्ताव यूनिफॉर्महोना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने ये आदेश जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड से जुड़े केस की सुनवाई के दौरान दिया।

कोर्ट ने कहा कि यह मामला केवल जेपी से जुड़ा हुआ नहीं है।कई बिल्डरों के मामले में खरीदारों के पैसे फंसे हुए हैं।कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस मामले में दो दिन का वक्त दिया है। कोर्ट ने सरकार से साफ-साफ कहा है कि वह खरीदारों के हित में प्रस्ताव तैयार करे।

दरसअल जेपी के फ्लैट खरीदारों ने कहा कि अगर जेपी को दिवालिया घोषित किया जाता है तो सबसे पहले बैंक अपना पैसा वापस लेंगे हमें कुछनहीं मिलेगा।

## कलेक्टर महीने में दो बार एक ब्लॉक और गॉंव में जाकर सुलझाएं समस्याएं

### मुख्यमंत्री कमल नाथ ने जनाधिकार कार्यक्रम में दिये निर्देश

भोपाल । मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा है कि जनहित के काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्यवाही को प्रचारित करें, ताकि आम लोगों को पता चले और अन्य लापरवाह अधिकारियों को भी सबक मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का समाधान शत-प्रतिशत होना चाहिए।

मुख्यमंत्री आज यहाँ मंत्रालय में वीडियो कांन्फ्रेसिंग के माध्यम से जनाधिकार कार्यक्रम में कलेक्टरों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 10 जिलों के 12 लोगों की समस्याओं का समाधान किया । उन्होंने हितग्राहियों से पूछा कि शिकायत दर्ज कराने से लेकर समाधान मिलने तक कितना समय लगा और किन-किन जगह विलंब हुआ। उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि शिकायतें आने पर ही निराकरण करने की संस्कृति को समाप्त करें। जिलों के सेवा प्रदाय तंत्र को ऐसा चुस्त दुरूस्त रखें कि शिकायतों की संख्या निरंतर कम होती जाए। उन्होंने कहा कि समय पर समाधान न करने वालों की जिम्मेदारी तय हो और उन पर की जाने वाली कार्यवाई की बुकलेट बनाई जाए ताकि लोगों को अपने दायित्व का भान हो सके।

मुख्यमंत्री ने टीकमगढ़ के किसान दीनदयाल गुप्ता को वर्ष 2017 की सूखा राहत की राशि नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने पूछने पर बताया कि जिले में 3325 किसानों को 55 लाख रुपये देना बाकी है। मुख्यमंत्री ने शहडोल के प्रभुलाल यादव को कर्मकार मंडल द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति समय पर न मिलने पर भी अप्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री नाथ ने आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टरों से चर्चा करते हुए कहा कि वे महीने में दो बार किसी एक ब्लाकऔर गाँव में जाकर लोगों की समस्याएँ सुनने और तत्काल निराकरण योग्य समस्याओं का स्थल पर ही निराकरण करें।

## वैवाहिक दुष्कर्म को तलाक की वजह मानने से हाईकोर्ट का इनकार

नईदिल्ली (आरएनएस)। वैवाहिक दुष्कर्म को तलाक का आधार घोषित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग को दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को ठुकरा दिया। मुख्य न्यायाधीश डी. एन. पटेल और सी. हरिशंकर की अध्यक्षता वाली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने कहा कि अदालत ऐसा करने की हकदार नहीं है।

अदालत ने माना कि यह विधायिका का आधिकार क्षेत्र है और न्यायपालिका को इस पर आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है। वकील अनुजा कपूर द्वारा दायर की गई याचिका में इसके अलावा वैवाहिक दुष्कर्म के मामलों को पंजीकृत करने के बारे में दिशानिर्देश तैयार करने के लिए भी निर्देश देने को कहा गया था। वर्तमान में वैवाहिक दुष्कर्म हिंदू विवाह अधिनियम 1955, मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) आवेदन अधिनियम 1937 या विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत तलाक का आधार नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कपूर की याचिका पर विचार करने से इनकार करने के बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।



K✌K
राजधानी समाचार





## बाल लिंगानुपात नियंत्रण में देश के 10 चयनित जिलों में रीवा अव्वल

### सात अगस्त को महिला-बाल विकास विभाग द्वारा किया जायेगा सम्मानित

भोपाल, (हि.स.) । बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत रीवा जिले ने बाल लिंगानुपात नियंत्रण में अच्छे प्रदर्शन के लिए देश के 10 चयनित जिलों में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। जिले में बाल लिंगानुपात 885 से बढ़कर 934 हो गया है। भारत सरकार के महिला-बाल विकास विभाग द्वारा रीवा जिले को आगामी 7 अगस्त को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सम्मानित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तत्कालीन केन्द्रीय महिला-बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने विगत जनवरी माह में नई दिल्ली में पुरस्कृत किया था।

जनसंपर्क अधिकारी बिन्दु सुनील ने मंगलवार को बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना में रीवा जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किये गये। यहां कम लिंगानुपात वाले ग्रामों का चयन किया गया। जहां हर घर दस्तक, शक्ति चौपाल, नुक्कड़ नाटक, कठपुतली शो आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। साथ ही ऐसे परिवार, जिनमें कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त केवल बेटियां है, को सम्मानित किया गया। इसके अलावा कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिये कार्यशाला, जागरूकता रैली, मानव श्रंखला, रंगोली प्रतियोगिता, आंगनबाड़ी केन्द्रों में जन्मोत्सव एवं बिटिया उत्सव का आयोजन किया गया।

## यूपी एटीएस ने नक्सलियों से संपर्क के संदेह में गिरफ्तार दंपति को लिया रिमांड पर

भोपाल(हि.स.)। भोपाल के शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित विकासकुंज कालोनी में अपनी पहचान छुपाकर रह रहे मनीष श्रीवास्तव और उनकी पत्नी वर्षा उर्फ अनीता को यूपी एटीएस ने नक्सलियों के सम्पर्क के रहने के संदेह में सोमवार की रात गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार दम्पति को मंगलवार को भोपाल की जिला अदातल में पेश किया गया, जहां से उन्हें पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है और यूपी एटीएस उन्हें लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो गई है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार दम्पति ने पेशी से बाहर निकलते समत कोर्ट परिसर में इंकलाब जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

यूपी एटीएस के एडीजी असीम अरुण ने बताया कि गिरफ्तार दम्पति पर नक्सलियों से संपर्क रखने का आरोप है, इसीलिए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। दोनों अभियुक्तों को मंगलवार को भोपाल में कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर लेकर लखनऊ ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भोपाल के शाहपुरा क्षेत्र के त्रिलंगा स्थित विकासकुंज में मनीष श्रीवास्तव और उनकी पत्नी वर्षा उर्फ अनीता श्रीवास्तव अपनी पहचान छुपाकर रह रहे थे। दोनों उत्तरप्रदेश के जौनपुर जनपद के कुरनी (समधागंज) के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि एटीएस ने यूपी के कानपुर और देवरिया में आठ लोगों से पूछताछ की और उनसे लैपटॉप-फोन आदि जब्त कर जांच की गई, जिसमें इन दोनों के नक्सलियों से सम्पर्क होने की जानकारी मिली। इसी आधार पर यह कार्रवाी की गई है। दोनों आरोपितों को लखनऊ लेकर पूछताछ की जाएगी।

### मुरैना के सुभाष चन्द्र बोस महाविद्यालय की मान्यता समाप्त

भोपाल । उच्च शिक्षा विभाग ने छात्रवृत्ति वितरण में गम्भीर अनियमितता पर मुरैना जिले के अशासकीय सुभाष चन्द्र बोस महाविद्यालय, पहाडगढ़ की मान्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा वेद प्रकाश ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा अनुसूचित जाति पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए प्रस्तुत आवेदन-पत्रों में गलत जानकारी दी गई और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फर्जी प्रस्ताव तैयार कर विभाग को प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय द्वारा पुराने पोर्टल के अनुसार उच्च पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर छात्रवृत्ति प्राप्त कर चुके ऐसे छात्रों के प्रस्ताव भी तैयार किए गए, जो संस्था में प्रवेशित ही नहीं थे। राज्य शासन द्वारा बार-बार जानकारी बुलायी जाने के बाद भी महाविद्यालय ने जाँच में सहयोग नहीं किया और न ही दस्तावेज उपलब्ध कराए।

## एमपी की रुबिना विश्व कप में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व, खेल मंत्री ने दी बधाई



भोपाल, (हि.स.)। क्रोएशिया के ओसिजेक शहर में आगामी 22 से 31 जुलाई तक होने वाले विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स विश्व कप में मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की पैरा खिलाड़ी रूबिना फ्रांसिस भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय टीम में शामिल 11 खिलाड़ियों में रूबिना मध्यप्रदेश की एक मात्र खिलाड़ी हैं, जिनका विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स विश्व कप के लिए चयन हुआ है। यह जानकारी मंगलवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जनसम्पर्क अधिकारी महेन्द्र व्यास ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि रूबिना विश्व कप में बालिका वर्ग की पैरा 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में प्रतिभा प्रदर्शन करेंगी। इससे पूर्व रूबिना विश्व कप की तैयारी के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा दिल्ली में 20 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भागीदारी करेंगी। खेल और युवा कल्याण मंत्री जीतू पटवारी ने रूबिना के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की है और विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। खेल और युवा कल्याण संचालक डॉ. एसएल थाउसेन ने भी रूबिना को शुभकामनाए दी हैं।

## डे-बोर्डिंग खिलाड़ियों की प्रवेश प्रक्रिया 10 जुलाई से

भोपाल । खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और होशांगाबाद में संचालित खेल अकादमियों में डे-बोर्डिंग खिलाड़ियों के लिए 10 जुलाई को सुबह 10 बजे से प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भोपाल की सभी अकादमियों के लिए डे-बोर्डिंग खिलाड़ी टी.टी. नगर स्टेडियम, जबलपुर में तीरंदाजी अकादमी के डे-बोर्डिंग खिलाड़ी रानीताल परिसर, जबलपुर, ग्वालियर में सभी अकादमी के डे-बोर्डिंग खिलाड़ी खेल अकादमी परिसर, कम्पू तथा होशांगाबाद में तैराकी अकादमी के लिए डे-बोर्डिंग खिलाड़ी तैराकी खेल अकादमी, होशांगाबाद में प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होंगे। टी.टी. नगर स्टेडियम में 11 जुलाई को ऐसे खिलाड़ियों के प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी, जो किन्ही कारणों से इन तारीखों में प्रवेश प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकेंगे।

### चर्तुमास का शुभारंभ


## शादियां बंद रहेगी चार माह

### नहीं गूंजेगी शहनाई

भोपाल। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पं. रामजीवन दुबे एवं ज्योतिषाचार्य विनोद रावत ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष देवशयनी एकादशी शुक्रवार 12 जुलाई से चर्तुमास का शुभारंभ होगा। कार्तिक शुक्ल पक्ष देवउठनी एकादशी शुक्रवार 8 नव बर को समापन होगा। भगवान श्रीहरि चार महीने के लिए पाताल लोक में शयन हेतु चले जाते हैं। इसलिए इस चार महीने को चातुर्मास कहा जाता है। चर्तुमास का शुभारंभ शुक्रवार एवं समापन के दिन भी शुक्रवार पड़ेगा, वैभव, समृद्धि एवं सुख-शांति का सूचक है।

#### देवशयनी एकादशी की कथा :

धर्मराज युधिष्ठिर ने कहा- हे केशव! आषाढ़ शुक्ल एकादशी का क्या नाम है? इस व्रत के करने की विधि क्या है और किस देवता का पूजन किया जाता है? श्रीकृष्ण कहने लगे कि हे युधिष्ठिर! जिस कथा को ब्रह्माजी ने नारदजी से कहा था वही मैं तुमसे कहता हूं। एक समय नारदजी ने ब्रह्माजी से यही प्रश्न किया था। तब ब्रह्माजी ने उत्तर दिया कि हे नारद तुमने कलियुगी जीवों के उद्धार के लिए बहुत उत्तम प्रश्न किया है, क्योंकि देवशयनी एकादशी का व्रत सब व्रतों में उत्तम है। इस व्रत से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और जो मनुष्य इस व्रत को नहीं करते वे नरकगामी होते हैं। इस व्रत के करने से भगवान



विष्णु प्रसन्न होते हैं। इस एकादशी का नाम पद्मा है। इसे देवशयनी एकादशी, विष्णु-शयनी एकादशी, आषाढ़ी एकादशी और हरिशयनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। व्रत, पूजा-पाठ, दान, पुण्य क्रम जारी रहेगे, विशेष लाभ देंगे

#### चर्तुमास में प्रमुख त्यौहार :

देवशयनी एकादशी, गुरु पूर्णिमा,चन्द्र ग्रहण साथ, सावन सोमवार, हरियाली अमावस्या, नागपंचमी, रक्षाबंधन, हलषष्ठी, जन्माष्टमी, हरतालिका तीज,गणेश चतुर्थी, ऋषि पंचमी, मोरछठ, संतान सप्तमी, अनंत चतुदर्शी, श्राद्ध पूर्णिमा, महालक्ष्मी पूजन, श्राद्ध अमावस्या, शरद नवरात्रि, दुर्गाष्टमी-दुर्गानवमी, दशहरा, करवा चौथ, धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, आंवला नवमी, देवउठनी एकादशी।




मुख्यमंत्री कमल नाथ ने आज जन-अधिकार कार्यक्रम के अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये लोगों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण किया।...

## कर्नाटक में अपनी गलतियों का ठीकरा भाजपा पर फोड़ रही कांग्रेस : अजय प्रताप सिंह

भोपाल। कर्नाटक में जो भी घटनाक्रम चल रहा है, उसके लिए कांग्रेस और उसके नेता ही जिम्मेदार हैं, लेकिन अपनी महत्वाकांक्षाओं और राजनीतिक गलितयों को ढांकने के लिए वे इसका ठीकरा भारतीय जनता पार्टी के सिर फोड़ रहे हैं। यदि कर्नाटक की गठबंधन सरकार गिरती है, तो इसके लिए कांग्रेस और जेडीएस ही जिम्मेदार होंगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व सांसद अजयप्रताप सिंह ने कर्नाटक के घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।

अजयप्रताप सिंह ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सरकार बनाने के लिए जनादेश नहीं दिया था। इसके बावजूद कांग्रेस ने सिर्फ भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने से रोकने के लिए जेडीएस के साथ मिलकर सरकार बनाई। अब जबकि वहां मुख्यमंत्री कुमार स्वामी के नेतृत्व वाली सरकार काम कर रही है, तो प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की महत्वाकांक्षाएं हिलोरें मारने लगी हैं। वे सरकार गिराने का माहौल बनाकर ऐसे हालात पैदा करना चाहते हैं, ताकि उनके मुख्यमंत्री बनने के समीकरण बनने लगें। श्री सिंह ने कहा कि इसके अलावा कुछ विधायक ऐसे भी हैं, जिनमें गठबंधन सरकार की कार्यप्रणाली के प्रति असंतोष है और इसी के चलते उन्होंने इस्तीफा दिया है। अजयप्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को चाहिए कि वे अपनी महत्वाकांक्षाएं को नियंत्रित करें, यथार्थ को स्वीकार करें और भाजपा को दोष देना बंद करें।

## दोगुनी पेंशन मिलने से खुश है हिनौता गाँव की दिव्यांग दम्पत्ति



भोपाल । राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को 300 से बढ़ाकर 600 रुपये प्रतिमाह किये जाने से जबलपुर जिले के विकासखंड मझौली की ग्राम पंचायत हिनौता के दिव्यांग दम्पत्ति संतोष और रोशनी गौड़ को अब परिवार के पालन-पोषण में बिल्कुल दिक्कत नहीं होती। उन्हें सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्का घर और उज्जवला योजना में निःशुल्क घरेलू गैस कनेक्शन भी दिया है।

संतोष और उसकी पत्नी रोशनी को अब 600-600 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिल रही है। दोनों को राज्य सरकार की ओर से ट्राइसिकल भी मिली है। संतोष गौड़ ने अपनी ट्राइसिकल के पीछे कुल्फी का बॉक्स बनाकर कुल्फी बेचने का कारोबार भी शुरू कर दिया है। इससे उसे रोज 80-90 रुपये की आमदनी हो जाती है। दोनों पति-पत्नी अपनी आमदनी बढ़ाने के लिये घर में बीड़ी बनाने का काम भी करते हैं।

शारीरिक श्रम करने में असमर्थ इस दम्पत्ति को पहले तमाम परेशानियों से जूझना पड़ता था। अब पति-पत्नी को मिल रही 600-600 रुपये प्रतिमाह पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं से मिली बुनियादी सुविधाओं से आर्थिक तंगी से मुक्ति मिल गई है। साथ ही महँगाई के दौर में इनके बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित हुआ है।

(सफलता की कहानी)

## दस्तक अभियान से 14 माह की मासूम संध्या को मिली नई जिंदगी



भोपाल। दस्तक अभियान की बदौलत बैतूल जिले के साईखंडारा गाँव के आदिवासी दम्पत्ति अनिल-रामकली की 14 माह की मासूम बच्ची को नई जिंदगी मिली है। बच्ची की माँ को गर्भावस्था के समय वजन बहुत कम होने से उच्च जोखिम की श्रेणी में रखा गया था। माँ की कमजोरी के कारण बच्ची संध्या का वजन भी बहुत कम था।

मासूम संध्या को दिसम्बर 2018 में जिला पोषण-पुनर्वास केन्द्र में भर्ती किया गया। मात्र 14 दिन में संध्या के वजन में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई, तो उसे पुनर्वास केन्द्र से छुट्टी दिलाकर घर भेज दिया गया। घर पर भी आशा कार्यकर्ता नियमित रूप से 4 फॉलोअप विजिट करती रही।दस्तक अभियान में बच्ची की एएनएम और आशा कार्यकर्ता ने जाँच की तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवा भी उपलब्ध कराई। मासूम संध्या का हीमोग्लोबिन बहुत कम होने से उसे रक्ताधान कराया गया।अब यह बेटी स्वस्थ है। परिजन बच्ची के स्वास्थ्य की चिंता से मुक्त हो गये हैं। वे दस्तक अभियान से मिली चिकित्सा सेवाओं से खुश हैं।

## मतदाता सूची में नवीन बसाहटों के मतदाताओं के नाम जुड़ेंगे



भोपाल । राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2019 के लिए मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्रीमती सुनीता त्रिपाठी ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया है कि मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलायें। श्रीमती त्रिपाठी ने सामान्य मतदाताओं के नाम जोड़ने के साथ ही नवीन मतदाताओं, महिला, नवीन बसाहटों, दिव्यांग तथा दूरस्थ एवं बिखरे हुए समूहों के मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष कार्य-योजना बनाने को कहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे।




*वाणिज्यिक कर मंत्री बृजेन्द्र सिंह राठौर चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स के राज्य स्तरीय सेमीनार में शामिल हुए।...*

## कर्जमाफी, तबादलों, बिजली कटौती के मुद्दों पर सरकार को घेरेगी भाजपा




भोपाल, (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी के विधायक पूरी ताकत, अध्ययन और ऊर्जा के साथ जन समस्याओं से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाएं। सदन में पूरी संख्या में हमेशा उनकी मौजूदगी रहे। वे मुखर रहें और सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर कर दें। जनता की आवाज को इतने ताकत और इस तरीके से मुद्दों पर आधारित होकर विरोध करें कि जनता को इनका असली चेहरा समझ में आ जाए। यह बात भाजपा विधायक दल की बैठक में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव ने कही। भाजपा विधायक दल की बैठक सोमवार को देर शाम प्रदेश कार्यालय में हुई और देर रात तक चली। इस बैठक में विधानसभा में पार्टी की रणनीति के अलावा सदस्यता अभियान को लेकर भी चर्चा हुई।

पूरी मुखरता से करें लुटेरी सरकार का विरोध : शिवराज

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनाव का बदला लोकसभा चुनाव में ब्याज सहित लेने के लिए प्रदेश की जनता एवं विधायकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा का बजट सत्र इस लुटेरी सरकार के तेवर ढीले करने के लिए अच्छा अवसर है। इस सरकार का बस एक ही काम है-लाओ पैसा। कर्जमाफी और किसानों से जुड़ी अन्य समस्याओं को सदन में उठाएं। बिजली आपूर्ति में अपनी नाकामी को छुपाने के लिए यह सरकार कभी भाजपा, तो कभी चमगादड़ और उपकरणों को दोष देती है। बजट पर हम सार्थक किन्तु तीखी बहस करेंगे। इस सरकार के कामकाज से असंतुष्ट विधायक भी हमारी आवाज में अपने सुर मिला सकते हैं। हमें न अनुनय-विनय करना है, न घुटने टेकना है, घुटने सरकार टेकेगी। उन्होंने कहा कि सभी विधायक 26 जुलाई के बाद 11 अगस्त तक सदस्यता अभियान को समय दें।

## वन-जलीय क्षेत्रों में सुरक्षात्मक व्यवस्थाएँ होगी-वन मंत्री श्री सिंघार

भोपाल । वन मंत्री उमंग सिंघार ने कहा है कि अस्थाई रूप से निर्मित वन-जलीय स्थलों पर दुर्घटना रोकने के लिये चेतावनी दर्शाने वाले साइनेज और बोर्ड लगाये जायेंगे। पर्यटकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में अमला भी तैनात किया जाएगा। सभी स्थलों पर फर्स्ट एड किट रखा जायेगा, जिसकी सूचना प्रदर्शित की जाएगी। श्री सिंघार ने बताया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में पर्यटकों का प्रवेश निषेध रहेगा। पर्यटन स्थलों पर अवकाश के दिनों में भीड़ पर नियंत्रण के लिये वन विभाग जिला प्रशासन की सहायता लेगा। किसी भी तरह की आकस्मिक घटना से निपटने के लिये वन क्षेत्र के जलीय स्थलों पर आवश्यक मेन पावर और रेस्क्यू की व्यवस्था रहेगी।

## अवैध शराब बेचने व लापरवाह वाहन चालक अर्थदण्ड से दंडित

खरगोन, (हि.स.)। खरगोन की अदालत ने दो अलग-अलग मामलों में अवैध शराब बेचने और लापरवाहीपूर्व वाहन चलाते हुए टक्कर मारने वाले चालक को अर्थदण्ड से दंडित किया है। यह फैसला मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डीएस मंडलोई की अदालत ने सुनाया है। दोनों मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अमरेंद्र कुमार तिवारी ने की।सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अमरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि गत 16 मई को आबकारी विभाग खरगोन को मूखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पिपलझोपा निवासी संजय पुत्र मनोहरलाल अपने घर से अवैध रूप से शराब बेच रहा है।आबकारी विभाग की टीम ने उसके घर दबिश देकर बिना लायसेंस की 9 लीटर देशी प्लेन मदिरा जब्त की और आरोपित को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डीएस मंडलोई ने आरोपित संजय को आबकारी एक्ट की धारा 34(क) में न्यायालय उठने तक के कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## किसानों ने कलेक्टर से की नीलगाय द्वारा फसल नष्ट करने की शिकायत



उज्जैन,(हि.स.)। कलेक्टर शशांक मिश्र, अपर कलेक्टर ऋषव गुप्ता और अन्य अधिकारियों द्वारा मंगलवार को जनसुनवाई की, जिसमें दूर दराज से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं सुनाई। जनसुनवाई में अधिकारियों को 155 आवेदन आवेदन प्राप्त हुए। उज्जैन तहसील के ग्राम बकानिया के सभी किसानों ने इस दौरान कलेक्टर शशांक मिश्र को आवेदन देकर शिकायत की कि नीलगायों द्वारा उनकी फसलें नष्ट की जा रही हैं। इस मामले में उचित कार्रवाई की जाए।

किसानों ने कलेक्टर को बताया कि उनकी कृषि भूमि के समीप वन विभाग की लगभग एक हजार बीघा जमीन है। वहां पाई जाने वाली नीलगाय द्वारा उनके खेतों में घुसकर फसल लगातार नष्ट की जा रही है। इस वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। पहले भी कई बार नीलगाय द्वारा उनकी फसल को नष्ट किया जा चुका है। अत: इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा उन्हें नुकसान का मुआवजा दिलवाया जाए। कलेक्टर ने इस पर डीएफओ को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसके अलावा जनसुनवाई में कलेक्टर को वृद्धा पेंशन दिलवाने, गरीबी रेखा का कार्ड बनवाने, फसल बोवाई के लिए कर्ज दिलवाने, बीपीएल कार्ड उपलब्ध कराने, जमीन पर कब्जा करने और बिजली कनेक्शन से संबंधी शिकायतें मिली। कलेक्टर ने सभी आवदेनों को संबंधित विभागों को भेजकर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर होगा परिवार विकास मेलों का आयोजन

उज्जैन, (हि.स.)। विश्व जनसंख्या दिवस पर आगामी 11 जुलाई को प्रदेश के साथ-साथ उज्जान जिले में परिवार विकास मेलों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रजनी डाबर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत की जनसंख्या लगभग 1 अरब 25 करोड़ से भी अधिक हो गई है। तेजी से बढ़ रही जनसंख्या हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी आदि समस्याओं को बढ़ा रही है। अनुमान है कि वर्ष 2026 तक हमारे देश की आबादी एक अरब 40 करोड़ हो जायेगी।

उन्होंने बताया कि जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिये तुरन्त प्रभावी कदम उठाये जाने चाहिये। इसके लिये शासन द्वारा अनेक प्रकार के परिवार नियोजन कार्यक्रम, योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जनसंख्या को स्थिर करने के लिये चार महत्वपूर्ण कारक है, जिनके बारे में हमें दम्पत्तियों को एवं अन्य लोगों को जानकारी प्रदान करना है, जैसे 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह न करें, बाल विवाह के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं, मां एवं बच्चे दोनों के लिये उत्पन्न होती है, विवाह पश्चात दो वर्ष तक किसी प्रकार की सन्तान न हो। दो बच्चों के बीच में तीन साल या इससे अधिक का अन्तर हो। दो बच्चों के बाद परिवार नियोजन की स्थाई विधि अपनाकर परिवार को सीमित रखा जाये। इन समस्त उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिये विभिन्न प्रकार के स्थाई-अस्थाई परिवार नियोजन के साधन स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे हैं। जिला स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर फिक्स दिन नसबन्दी शिविर आयोजित कर लोगों को परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। जन-जागृति के लिये विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को जिला स्तर पर रैली का आयोजन किया जायेगा। रैली प्रात: 9 बजे टॉवर चौक फ्रीगंज से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गों से निकलकर शहीद पार्क, फ्रीगंज पर समाप्त होगी। जन-जागृति के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई के दिन प्रत्येक विकास खण्ड में परिवार विकास मेले का आयोजन किया जायेगा। परिवार विकास मेले का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच में छोटे परिवार के महत्व को स्थापित करना एवं तेज गति से बढ़ रही जनसंख्या के दुष्परिणामों से अवगत कराना है।

## भारत की जीत के लिए खजराना गणेश मंदिर में बटुकों ने किया विशेष हवन

इंदौर(हि.स.)। क्रिकेट विश्वकप मैच में मंगलवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्डट्रेफोर्ड में सेमीफाइनल मैच खेला जा रहा है। टीम इंडिया की जीत के लिए देशभर में सुबह से प्रार्थनाओं का दौर जारी है। मध्य प्रदेश में भी क्रिकेट के दिवाने टीम इंडिया की जीत के लिए भगवान की पूजा अर्चना कर जीत का आर्शीवाद मांग रहे हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार को खजराना गणेश मंदिर में टीम इंडिया की जीत के लिए सुबह खजराना गणेश में प्रार्थना कर विशेष अनुष्ठान किया गया। यहां 11 ब्राह्मणों ने भारत की जीत के लिए मंदिर में विशेष हवन किया। मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट ने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान रोहित शर्मा की ओर से जीत के लिए अर्जी लगाई गई है। रोहित शर्मा खजराना गणेश के आराध्य हैं। वे जब भी इंदौर आते हैं, खजराना गणेश के दर पर जरूर पहुंचते हैं। इस बार वे इंग्लैंड में हैं ऐसे में उन्होंने वहां से टीम की जीत के लिए विशेष अर्जी गजाजन के समक्ष पुजारी के जरिए लगवाई है। उन्होंने कहा कि भगवान खजराना गणेश का आशीर्वाद सदैव टीम इंडिया पर रहा है। विश्वकप में भी भारत जीत का परचम लहराएगी। इसके अलावा हैदराबाद के एक दंपति ने उज्जैन में रामानुज कोट आश्रम में स्वामी रंगनाथ आचार्य के सानिध्य में विजय अनुष्ठान करवाया।

## एसईसीएल को शिक्षा एवं स्वास्थ्य कार्य को प्रमुख स्थान देने के निर्देश

**कलेक्टर ने की एसईसीएल के सीएसआर द्वारा अब तक किए गए कार्यो की समीक्षा**

अनूपपुर(हि.स.) ।कलेक्टर चंद्रमोहन ठाकुर ने मंगलवार को एसईसीएल जमुना कोतमा के सीएसआर द्वारा अब तक किए गए कार्य एवं आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गत वर्ष के कार्यों में आधारभूत संरचनाओ पर प्रमुखता से किए गए व्यय को दृष्टिगत रखते एसईसीएल प्रबंधन को शिक्षा स्वास्थ्य एवं कौशल विकास की समसामयिक विधाओं में प्रमुखता से कार्य करने के निर्देश दिए और कार्ययोजना में अपेक्षित परिवर्तन लाने के लिए कहा। एसईसीएल प्रतिनिधि आशीष सूर्यवंशी ने बताया कि प्रबंधन द्वारा विगत वर्षों में कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के प्रावधानो के अनुसार राशि से अधिक राशि से आमजनो की सहूलियत हेतु विविध क्षेत्रों में कार्य किए गए हैं। मॉडल स्कूल कोतमा में ई लाइब्रेरी, धूम्मा सकोला पकरिया में सामुदायिक भवन, कोतमा में पानी के टैंक का निर्माण, पसान पकरिया कोहका मुड़धोवा जमुना बस्ती आदि में सड़क निर्माण, उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर की मरम्मत का कार्य, जमुना में महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण एवं सिलाई मशीन का प्रदाय, चिकित्सा शिविर आदि कार्य किए गए हैं।

## अवैध हुक्का बार में पुलिस ने दी दबिश, संचालक गिरफ्तार, युवती व चार नाबालिग हिरासत में

जबलपुर(हि.स.)। जबलपुर में बीती रात ओमती थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से संचालित एक हुक्का बार पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान मौके पर एक युवती और चार नाबालिग युवक हुक्का गुड़गुड़ाते पाये गए। पुलिस ने बार संचालक को गिरफ्तार कर युवती व चारों नाबालिगों को हिरासत में लिया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।




बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत रीवा जिले मे रैली निकाली गई।...

# व्यापार समाचार

## सीमा पार वस्तुओं पर लगेगा 200 फीसदी सीमा शुल्क

**-पाकिस्तान पर महंगाई की एक और मार**

नईदिल्ली,(आरएनएस)। पाकिस्तान से आयातित वस्तुओं पर 200 फीसदी शुल्क लगाने का प्रस्ताव सोमवार को राज्यसभा में पारित हो गया। उच्च सदन ने मसूर, बोरिक एसिड और डायग्नॉस्टिक व लेबोरेटरी रीजेंट्स पर भी बेसिक सीमाशुल्क (बीसीडी) बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

प्रस्ताव में मसूर पर बीसीडी 40 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने की मांग की गई थी। बोरिक एसिड पर सीमाशुल्क 17.5 फीसदी से बढ़ाकर 27.5 फीसदी हो जाएगा। वहीं, डॉयग्नॉस्टिक मदों में शुल्क 20 फीसदी से बढ़कर 30 फीसदी हो जाएगा। वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से दोनों वैधानिक प्रस्ताव पेश किए जिन्हें ध्वनिमत से स्वीकार किया गया।

पहले प्रस्ताव में सीमाशुल्क अधिनियम 1975 की पहली अनुसूची के अध्याय 98 के तहत 9806 00 00 नए शुल्क मद शामिल करने के लिए फरवरी 2019 में जारी अधिसूचना को मंजूरी प्रदान करने की मांग की गई जिसके तहत पाकिस्तान से आयातित सभी वस्तुओं पर सीमाशुल्क बढ़ाकर 200 फीसदी करने का जिक्र है।

## विदेश जाने के लिए नरेश गोयल को देनी होगी 18 हजार करोड़ की गारंटी

नई दिल्ली,(हि.स.)। अस्थायी तौर पर परिचालन बंद कर चुकी निजी क्षेत्र की बड़ी एयरलाइंस कंपनी जेट एयरवेज के संस्थापक एवं पूर्व प्रमोटर नरेश गोयल को विदेश जाने की अनुमति नहीं मिल पाई है। दरअसल लुकआउट सर्कुलर के खिलाफ नरेश गोयल की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सुरेश कैत ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा हालात में उन्हें अंतरिम राहत नहीं दी जा सकती है।

मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस कैत ने कहा कि यदि गोयल विदेश जाना चाहें तो पहले 18 हजार करोड़ रुपये की गारंटी दें।

एक समय देश की सबसे बड़ी निजी एयरलाइन्स रही जेट एयरवेज अभी दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। हाईकोर्ट ने गोयल की याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब भी मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त को होगी। गोयल ने लुकआउट सर्कुलर रद्द करने की अपील की थी।

उल्लेखनीय है कि नरेश गोयल और पत्नी अनीता को 25 मई को मुंबई एयरपोर्ट पर दुबई की फ्लाइट से उतार लिया गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार जांच एजेंसियां जेट की वित्तीय अनियमितताओं में नरेश गोयल की संदिग्ध भूमिका को लेकर भी जांच कर रही है।

## सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश का है मौका

नई दिल्ली(हि.स.)। आमतौर पर सोने में निवेश बेहतर और सुरिक्षत माना जाता है। सरकार की सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम में निवेश के लिए इस साल का दूसरा चरण 8 जुलाई से शुरू हो गया है। सोने में निवेश करने वाले लोगों के लिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने का अच्छा मौका है।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के लिए 8 जुलाई, 2019 से शुरू हुई दूसरे चरण की बिक्री की प्रक्रिया 12 जुलाई तक चलेगी और 16 जुलाई को बॉन्ड जारी किए जाएंगे। इस चरण में एक ग्राम सोने की कीमत 3,443 रुपये रखी गई है।

निवेशकों द्वारा सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन करने पर और डिजिटल मोड में पेमेंट करने पर 50 रुपये प्रति ग्राम की अतिरिक्त छूट भी मिल रही है। इस तरह सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में ऑनलाइन निवेश करने वाले ग्राहकों के लिए एक ग्राम सोने की कीमत 3,393 रुपये रह गई है।

## पाकिस्तान के सामने 'कड़ी आर्थिक चुनौतिया' : आईएमएफ

वाशिंगटन, (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का कहना है कि कमजोर और असंतुलित वृद्धि के चलते पाकिस्तान 'कड़ी आर्थिक चुनौतियों' का सामना कर रहा है। उसकी अर्थव्यवस्था ऐसे अहम मोड़ पर आकर खड़ी हो गयी है जहां उसे महत्वाकांक्षी और मजबूत सुधारों की जरूरत है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अगस्त 2018 में आईएमएफ से राहत पैकेज देने के लिए संपर्क किया था। देश के पास वर्तमान में आठ अरब डॉलर से भी कम का विदेशी मुद्रा भंडार है जो उसके मात्र 1.7 माह का आयात करने के लिए काफी है। पिछले हफ्ते आईएमएफ ने आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान को छह अरब डॉलर का ऋण देने की मंजूरी दे दी। इसमें से एक अरब डॉलर की राशि तत्काल पाकिस्तान को मुहैया करायी गयी। बाकी की राशि उसे तीन दिन के भीतर दिए जाने का तय हुआ। यह 1980 के बाद से अब तक पाकिस्तान को दिया गया 13वां राहत पैकेज है। आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष और प्रथम उप प्रबंध निदेशक डेविड लिप्टन ने कहा, ''पाकिस्तान बड़ी राजकोषीय और वित्तीय जरूरतों और कमजोर एवं असंतुलित वृद्धि के चलते कड़ी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है।'' उन्होंने कहा कि सार्वजनिक ऋण को कम करने और लचीलापन लाने के लिए निर्णायक राजकोषीय एकीकरण सबसे अहम उपाय है और वित्त वर्ष 2020 का बजट इस दिशा में शुरुआती कदम उठाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजकोषीय लक्ष्यों को पाने के लिए एक बहु-वर्षीय राजस्व संग्रहण रणनीति, कर दायरा और कर राजस्व बढ़ाने की जरूरत है। यह सब कार्य एक सटीक संतुलन और न्यायसंगत तरीके से होना चाहिए।

## शेयर बाजार में गिरावट का दौर बरकरार, सेंसेक्स 252 अंक लुढ़का

मुंबई,(आरएनएस)। आम बजट के बाद मंगलवार भी भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बरकरार है। शेयर बाजारों में भारी बिकवाली के दबाव से हाहाकर मच गया। मंगलवार को सेंसेक्स की शुरुआत करीब 200 अंकों से ज्यादा की गिरावट के साथ हुई तो वहीं निफ्टी में भी 75 अंकों से ज्यादा की फिसलन दर्ज की गई। कारोबार के कुछ मिनटों में सेंसेक्स 38,500 के नीचे आ गया तो वहीं निफ्टी 11 हजार 490 के स्तर पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी, कोटक बैंक, टीसीएस और एशियन पेंट के शेयर 1 फीसदी से अधिक लुढ़क गए। हालांकि यस बैंक, सनफार्मा, ओएनजीसी, हीरो मोटोकॉर्प और वेदांता के शेयर में तेजी रही।

इससे पहले सोमवार को शेयर बाजार में साल की सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 792.82 अंकों यानी 2.01 फीसदी गिरावट के साथ 38 हजार 720 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 252.55 अंकों यानी 2.14 फीसदी गिरावट के साथ 11 हजार 558 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 900 अंकों से ज्यादा लुढ़का और निफ्टी में भी 288 अंकों की गिरावट आई। आम बजट पेश होने के बाद दो दिन में सेंसेक्स करीब 1200 अंक लुढ़क गया। इस दौरान निवेशकों को 5 लाख करोड़ से अधिक की चपत लगने का अनुमान है।

मोदी सरकार के आम बजट में उम्मीद के मुताबिक ऐलान नहीं होने की वजह से शेयर बाजार में इतनी बड़ी गिरावट आई है। बाजार के जानकार बताते हैं कि सरकार द्वारा शेयर बायबैक पर टैक्स लगाने और लिस्टेड कंपनियों में न्यूनतम पब्लिक शेयरहोल्डिंग बढ़ाने की घोषणा से घरेलू निवेशकों में निराशा का माहौल बना है।

# आयात पर ड्यूटी बढ़ाने से गोल्ड के कच्चे और पक्के रेट में आएगा 5 प्रतिशत का अंतर

नई दिल्ली (आरएनएस)। सोने के आयात पर कस्टम ड्यूटी 10 से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत करने के खिलाफ जूलरी ट्रेडर लामबंद होने लगे हैं। उनका मानना है कि इससे वैध और अवैध व्यापार की खाई बढ़ेगी और 15.5 से 18 प्रतिशत टैक्स बोझ के साथ चलने वाले जूलर अपने ही बाजारों में प्रतिस्पर्धा से बाहर हो जाएंगे। जूलर्स का अनुमान है कि इससे गहनों के रेट भी अलग-अलग हो जाएंगे और कैश एवं बिल के साथ होने वाली खरीद में रेट का अंतर कम-से-कम 5 प्रतिशत तक चला जाएगा।

कस्टम ड्यूटी में इजाफा वापस लेने की मांग के साथ जूलर्स संगठनों ने एकजुट अभियान छेड़ने की पहल शुरू कर दी है। द बुलियन ऐंड जूलर्स असोसिएशन के प्रेजिडेंट योगेश सिंघल ने बताया कि जूलरी पर कस्टम ड्यूटी घटने की उम्मीदों के बीच हुए इजाफे से झटका लगा है। यह एक तरह से ग्रे मार्केट को इंसेंटिव है। बाजार में अवैध सोने की सप्लाई बढ़ेगी। एक तरफ 10 प्रतिशत कस्टम, 3 प्रतिशत जीएसटी और कुछ मामलों में जॉब वर्क पर अतिरिक्त जीएसटी के साथ 15.5 से 18 पर्सेंट तक टैक्स बोझ वाली सेल होगी तो दूसरी तरफ बिना बिल के कैश खरीद-फरोख्त होगी। ग्राहक को कैश और इनवॉइस पर होने वाली बिक्री के रेट में कम-से-कम 5 प्रतिशत का अंतर होगा। हाई वैल्यू ट्रेड में यह अंतर खरीद का रुझान शिफ्ट करने के लिए काफी है। इससे न सिर्फ टैक्स कंप्लायंट ट्रेडर प्रतिस्पर्धा से बाहर होंगे, बल्कि सरकार को राजस्व में भी झटका लगेगा। उन्होंने बताया कि इस पर विरोध दर्ज कराने के लिए दिल्ली में सभी संगठनों और जूलर्स की एक मीटिंग बुलाई गई है।

ऑल इंडिया जेम्स ऐंड जूलरी डोमेस्टिक काउंसिल का अनुमान है कि इससे ग्रे मार्केट में करीब 30 प्रतिशत का इजाफा होगा और असंगठित कारोबारियों को संगठित बाजार में लाने की मुहिम को भी झटका लगेगा। कस्टम ड्यूटी बढ़ने से कैश और बिलिंग रेट का अंतर बढ़ेगा, नतीजतन ग्रे मार्केट की डिमांड और सेल्स बढ़ेगी।



बरसात के मौसम के शुरू होते ही राजधानी रायपुर के बाजारों में छातों की माग बढ़ी।

## रुपया के मुकाबले डॉलर हुआ मजबूत

मुंबई, (आरएनएस)। भारतीय बाजार में लगातार तीन दिनों से जारी बिकवाली से देसी मुद्रा रुपये में डॉलर के मुकाबले कमजोरी आई है। डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को तकरीबन सपाट 68.64 रुपये प्रति डॉलर पर खुलने के बाद शुरुआती कारोबार के दौरान पिछले सत्र से 16 पैसे की कमजोरी के साथ 68.82 पर बना हुआ था। पिछले सत्र में भी रुपया 24 पैसे की गिरावट के साथ 68.66 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। बजार के जानकार बताते हैं कि अमेरिका में पिछले सप्ताह जून महीने की नौकरियों के आंकड़े बढ़कर आने के बाद केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद घटने से डॉलर को मजबूती मिली है।

एंजेल ब्रोकिंग के करेंसी व इनर्जी रिसर्च मामलों के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता ने कहा कि बाजार को बहरहाल फेड की अर्धवार्षिक मौद्रिक नीति रिपोर्ट का इंतजार है जो इस सप्ताह कांग्रेस को जारी की होने वाली है। गुप्ता ने कहा कि डॉलर में आई मजबूती के साथ-साथ घरेलू बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली के कारण तीन दिनों से जारी गिरावट से भी देसी मुद्रा कमजोर हुई।

# सम्पादकीय

## पढ़ने आएं भारत

वित्त वर्ष 2019-20 के बजट में शिक्षा को लेकर कुछ अहम ऐलान किए गए हैं। सरकार ने स्टडी इन इंडिया योजना शुरू करने का फैसला किया है, जिसका मकसद विदेशी छात्रों को भारत में पढ़ने के लिए आकर्षित करना है। इसके लिए बजट में 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत देश के उच्च शिक्षा संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। अगर देश के संस्थानों की क्वॉलिटी बढ़ेगी तो देश से प्रतिभावान छात्रों का पलायन रुकेगा, देश में शोध को बढ़ावा मिलेगा और भारत को नॉलेज पावर बनाने का सपना पूरा होगा। हालांकि यह लक्ष्य बहुत आसान नहीं है।

अब तक भारत से ब्रेन ड्रेन रोकने में कोई खास सफलता नहीं मिली है। उच्च शिक्षा संस्थानों को वर्ल्ड क्लास बनाने की तमाम कोशिशों के बावजूद अब जाकर देश के तीन उच्च शिक्षा संस्थान दुनिया के 200 प्रमुख संस्थानों में शुमार हो पाए हैं। भारत के छात्रों को बाहर जाने से रोकने और अधिक से अधिक विदेशी स्टूडेंट्स को यहां लाने के लिए हमें अच्छी खासी संख्या में विश्वस्तरीय संस्थान चाहिए। अभी आलम यह है कि देश में सुविधाएं बढ़ने के बाद भी विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या बढ़ी है जबकि बाहर से आने वाले विद्यार्थियों की संख्या घटी है।

यूनेस्को के मुताबिक 2013 तक विदेशों में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या एक लाख 42 हजार थी। 2010 से 2017 के बीच सिर्फ अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में 42 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। एक जनवरी 2018 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने लोकसभा को बताया कि भारत ने 2017 में 36,887 स्टूडेंट वीजा जारी किए, जबकि 2016 में 37, 947 स्टूडेंट वीजा जारी किए गए थे। साफ है कि भारत में विदेशी छात्रों की रुचि घटी है। इस स्थिति को बदलना ही स्टडी इन इंडिया की चुनौती है।

संख्या की दृष्टि से देखा जाए तो भारत की उच्चतर शिक्षा व्यवस्था अमेरिका और चीन के बाद तीसरे नंबर पर है, लेकिन गुणवत्ता के मामले में हम इनसे बहुत पीछे हैं। दुनिया भर में विज्ञान और इंजीनियरिंग में होने वाले शोध में से एक तिहाई अमेरिका में होते हैं जबकि भारत से सिर्फ 3 फीसदी शोधपत्र प्रकाशित हो पाते हैं। उच्च शिक्षा को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सबसे पहले तो शिक्षा संस्थानों में उचित संख्या में योग्य शिक्षकों की नियुक्ति करनी होगी। अभी आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी 15 से 25 फ़ीसदी शिक्षकों की कमी है। दिल्ली विश्वविद्यालय अस्थायी शिक्षकों के सहारे चल रहा है।

कई विश्वविद्यालयों में पिछले करीब 30 सालों से पाठ्यक्रमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए स्वायत्तता एक जरूरी शर्त है, जबकि भारत में सरकारी और दूसरी तरह की दखलंदाजी बहुत ज्यादा है। संस्थानों को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए नियुक्ति एवं अन्य स्तरों पर विश्वस्तरीय प्रक्रियाओं का भी पालन करना होगा। सरकार अगर दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाए तो स्टडी इन इंडिया का लक्ष्य पूरा हो सकता है।

# बढ़ती आबादी की चिंताएं

जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में 18 जून को संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व आबादी पर अपनी जो ताजा रिपोर्ट प्रकाशित की है, उसमें कहा गया है कि 2027 तक भारत की आबादी दुनिया में सर्वाधिक होकर 150 करोड़ के पार पहुंच जाएगी।

अभी भारत की आबादी 137 करोड़ है, वहीं चीन की आबादी 143 करोड़ है। ऐसे में 2027 तक चीन को पीछे करके भारत दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा। इन आंकड़ों के साथ जो चिंताएं जुड़ी हुई हैं, वे परेशान करने वाली हैं। नई वैश्विक जनसंख्या रिपोर्ट में ऐसे कई ट्रेंड्स रेखांकित किए गए हैं, जो भारत को सबसे अधिक सजग होने की मांग करते हैं।

ऐसे में भारत के समक्ष जनसंख्या के भारी दबाव के कारण गरीबी, रोजगार, आवास, खाद्यान्न, कुपोषण, जनस्वास्थ्य एवं शहरीकरण की विभिन्न समस्याएं और अधिक चिंताजनक रूप में दिखाई देंगी। साथ ही भारत में तेजी से बढ़ते हुए बुजुगरे का समाज बनने का परिदृश्य भी उभरता दिखाई देगा। जरूरी है कि इन आसन्न चुनौतियों पर अब गंभीरतापूर्वक विचार मंथन हो और जनसंख्या नियंत्रण के लिए उपयुक्त रणनीति के साथ आगे बढ़ा जाए। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों की जनसंख्या से संबंधित जो नवीनतम रिपोर्ट 2019 जारी की गई है, उसके अनुसार पूरी दुनिया की आबादी जो अभी 760 करोड़ है, 2050 तक बढ़कर 970 करोड़ हो जाएगी। दुनिया की आधी से ज्यादा जनसंख्या वृद्धि नौ देशों में होगी। इनमें भारत, नाइजीरिया, पाकिस्तान, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, इथियोपिया, तंजानिया, इंडोनेशिया, मिस्त्र और अमेरिका हैं। अन्य सभी देशों की तुलना में भारत को जनसंख्या समस्या के भीषण रूप का सामना करना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की आबादी आने वाले कई वर्षों तक बढ़ती रहेगी।

निश्चित रूप से सात साल बाद जब भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश होगा तो भारत के समक्ष वर्तमान में दिखाई दे रही जनसंख्या की चुनौतियां और अधिक गंभीर रूप में दिखाई देंगी। दुनिया की कुल जनसंख्या में भारत की जनसंख्या की हिस्सेदारी करीब 18 फीसद हो गई है, जबकि पृथ्वी के धरातल का मात्र 2.4 फीसद हिस्सा ही भारत के पास है। चूंकि भारत में संसाधनों को विकसित करने की रफ्तार जनसंख्या वृद्धि की दर से कम है, इसलिए जनसंख्या का संसाधनों पर दबाव बढ़ने से देश में आर्थिक-सामाजिक समस्याओं का दुष्प्रभाव और



बढ़ेगा। चाहे देश की विकास दर बढ़ती रहेगी, लेकिन देश में हासिल सुविधाओं के न्यायपूर्ण वितरण की ठोस व्यवस्था न होने पर आबादी के एक बड़े हिस्से की अनिवार्य जरूरतें ढंग से पूरी नहीं हो पाएंगी। तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश की आर्थिक-सामाजिक समस्याओं की जननी बनकर देश के विकास के लिए खतरे की घंटी दिखाई देगी।

निस्संदेह शहरों के आवास परिदृश्य पर सबसे अधिक चुनौतियां बढ़ेंगी। अभी देश के शहरों में दो करोड़ मकानों की कमी है। यह कमी और विकराल रूप लेते हुए दिखाई देगी और अधिक संख्या में लोग या तो जर्जर मकानों या फिर झुग्गी-झोपड़ी और मलिन बस्तियों में जीवन गुजारते हुए दिखाई देंगे। बढ़ती जनसंख्या से कृषि संसाधनों का बंटवारा बढ़ जाएगा और भारत में खाद्यान्नों की उत्पादन वृद्धि के बावजूद मांग की तुलना में पर्याप्त पूर्ति न होने का संकट दिखाई दे सकता है। बढ़ती जनसंख्या की दृष्टि से शिक्षण संसाधनों की भारी कमी दिखाई देगी। देश में बेरोजगारों की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी और विकास परिदृश्य पर गांव और अधिक पिछड़े दिखेंगे। गांवों से लोगों का बड़ी संख्या में रोजगार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं के लिए शहरों की ओर पलायन बढ़ेगा। पर्यावरण पर दबाव बहुत बढ़ जाएगा। शहरों में जनस्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं दयनीय स्थिति में होती जाएंगी। शहरों में प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े-करकट को हटाने और ठिकाने लगाने की व्यवस्था और चुनौतिपूर्ण बन जाएगी। बिजली-पानी की भारी कमी, खराब सड़कें, जमीन और जल का गहरा प्रदूषण, बेकाबू बीमारियां, ट्रैफिक जाम, घटिया जल-मल निकास व्यवस्था, हिंसक लूटपाट, भीड़-भाड़ और संकरी गलियां भारतीय शहरों का अभिन्न अंग बनते हुए दिखाई दे सकती हैं।

निस्संदेह देश में आदर्श जनसंख्या की नई रणनीति अपनानी होगी। जनसंख्या विशेषज्ञों का मत है कि भारत में जहां जनसंख्या विस्फोट को रोकना जरूरी है, वहीं चीन को सामने रखते हुए जनसंख्या में ऐसी कमी से भी बचना होगा कि भविष्य में विकास की प्रक्रिया और संसाधनों का विदोहन मुश्किल हो जाए। हम चीन की ओर देखें तो पाते हैं कि चीन के इतिहास की प्रमुख घातक भूलों में 1979 में अपनाई गई एक दंपति एक बच्चे की नीति भी है। कोई 40 साल पहले चीन द्वारा छलांगें लगाकर बढ़ती आबादी को कानूनी तरीके से नियंत्रित करना उपयुक्त कदम समझा गया था। जनसंख्या वृद्धि पर कठोर प्रतिबंध लगाते समय भविष्य में श्रमिकों की कमी संबंधी मुद्दा नजरअंदाज हो गया था। चीन उत्पादन और विकास के मोर्चे पर युवा श्रम बल में कमी से होने वाली आर्थिक हानि का अनुभव कर रहा है। ऐसे में अब भारत को विकास के मद्देनजर आदर्श जनसंख्या की नई रणनीति के तहत ध्यान देना होगा कि 2050 तक लगभग 55 देशों की आबादी एक फीसद तक घटने का अनुमान है ऐसे में भारत चीन की तरह एक दंपति एक बच्चे की नीति को कठोरता से न अपनाए किन्तु एक बार फिर से देश को 'हम दो हमारे दो' के नारे को मूर्तरूप देने की डगर पर आगे बढ़ना होगा।

यह भी जरूरी होगा कि सरकार स्मार्ट शहरों के निर्माण के साथ-साथ शहरीकरण की बढ़ती चुनौतियों से निपटने की स्पष्ट रणनीति बनाए। जिस तरह चीन ने पिछले कुछ समय में ऐसा आर्थिक तंत्र खड़ा किया है, जिसमें उसने अधिक आबादी को अपनी कामयाबी का आधार बनाया उसी के मद्देनजर भारत में भी जरूरी होगा कि युवा जनसंख्या को श्रम कौशल से युक्त मानव संसाधन के रूप में बदल कर आर्थिक विकास का घटक बनाया जाए ताकि देश की युवा जनसंख्या नई वैश्विक रोजगार जरूरतों के मुताबिक तैयार होकर भविष्य में ऐसी पूंजी साबित हो, जिसकी मांग देश के साथ दुनिया के विभिन्न देशों में भी हो।

## राशिफल

**प.ज्योतिषाचार्य-**
**के.के.शर्मा**
**21, नारायण नगर होशंगाबाद रोड भोपाल म.प्र. मो.नं.8959895149**




मेष:शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है।




तुला:आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं।




वृषभ:आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कानूनी विवाद में सफलता, ट्रांसफर की योजना सफल हो सकती है।




वृश्चिक:माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।




मिथुन:आज का दिन काफी रचनात्मक है। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा।




धनु:आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाए तो बड़ा लाभ होने की आशा है।




कर्क:आज जो भी काम लगन के साथ करेंगे उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे,




मकर:आज का दिन सामान्य है। साझेदारी में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।




सिंह:आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म व आध्यात्म के मामले पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।




कुंभ:व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती ह।




कन्या:आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें।




मीन:आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा।

# इमरजेंसी: उनकी खुदगर्जी थी

रामबहादुर राय

इंदिरा गांधी की इमरजेंसी को इस समय याद करना इसलिए बहुत जरूरी है, क्योंकि कांग्रेसी और उनके साथी उसे भूला कर अकारण और निराधार आरोप पिछले कई सालों से उछाल रहे हैं कि संविधान खतरे में है। उसे बचाना है।

इमरजेंसी ने संविधान के साथ क्या किया? क्या इंदिरा गांधी ने संविधान को बचाया? अगर उन्होंने नहीं बचाया, उसे बिगाड़ा तो बचाया किसने? यह याद करने का सबसे सही समय यही है।

इमरजेंसी से पहले ही कांग्रेस में एक 'स्वर्ण सिंह कमेटी' बनी थी, जो संविधान को बदलकर उसे इंदिरा गांधी की मनमर्जी का दस्तावेज बनाना चाहती थी। जब इमरजेंसी लगी और 19 महीने चली तो उस दौरान विपक्ष जेल में था। संसद में कांग्रेसी थे और कम्युनिस्ट थे। उस संसद में संविधान का चेहरा और चरित्र बदल दिया। इतने संशोधन किए कि संविधान निर्माता वह देखने के लिए जीवित रहते तो अपना माथा पीट लेते। शायद ही दुनिया के किसी संविधान में कभी ऐसा हुआ हो कि उसकी प्रस्तावना को भी बदल दिया गया हो। लेकिन इमरजेंसी में इंदिरा गांधी ने उस प्रस्तावना को बदलवाया, जिसे उनके पिता और भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सहित संविधान सभा ने खूब सोच-विचारकर रचा था। क्या संविधान के निर्माता नहीं जानते थे कि समाजवाद क्या होता है? क्या वे सेकुलरिज्म से अपरिचित थे? वे इन दो शब्दों का अर्थ जानते थे। इनका अनर्थ भी जानते थे। इसीलिए प्रस्तावना में इन शब्दों को स्थान नहीं दिया। उसकी जरूरत ही नहीं समझी। इसलिए नहीं समझी, क्योंकि जो प्रस्तावना उनके विचार से बनी थी, उसमें इन शब्दों की आत्मा आ गई थी। अंतरात्मा की आवाज का ढोंग कर इंदिरा गांधी ने कांग्रेस तोड़ी थी। उस इंदिरा गांधी में अगर अंतरात्मा जाग्रत रहती तो वे भारत के संविधान की प्रस्तावना नहीं बदलवाती।

भारत के संविधान के जाने-माने विशेषज्ञ ग्रेनिवल आस्टीन ने अपनी पुस्तक में प्रस्तावना को 'संविधान का मुकुट' कहा है। उससे इंदिरा गांधी ने छेड़छाड़ की थी। केवल इतना ही नहीं था। संविधान निर्माताओं ने भारत के हर नागरिक को जितने अधिकार दिए थे, उसे संशोधन कर छीन लिया गया था। उसमें मौलिक अधिकार तो छिने ही गए थे, केवल इतना ही नहीं हुआ था। इंदिरा गांधी ने उन 19 महीनों में जीने का अधिकार भी छीन लिया था। इससे कितना बड़ा सन्नाटा फैला होगा? क्या आज इसकी कोई कल्पना कर सकता है। महात्मा गांधी ने भारत को अंग्रेजों से भयमुक्त कराया था। निर्भयता का पाठ पढ़ाया था। उस महात्मा गांधी के रास्ते पर चलने का दिखावा करने वाली कांग्रेस ने इमरजेंसी का समर्थन कर देश को भय के अंधे कुएं में रहने के लिए विवश कर दिया था। इसके लिए आज के कांग्रेसियों को उसी तरह देश से माफी मांगनी चाहिए, जैसे अंग्रेजों को जलियावाला बाग के नरसंहार पर माफी मांगने का फर्ज निभाना चाहिए। 26 जून 1975 की सुबह कैबिनेट की बैठक बुलाई गई।

उसमें इंदिरा गांधी ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों को सूचित किया कि इमरजेंसी लगाने की जरूरत आ गई है। सिर्फ एक मंत्री ने या तो हिम्मत कर या अनजान में पूछ लिया कि इसकी जरूरत क्या थी। इंदिरा गांधी ने इसका जवाब नहीं दिया। वह बैठक सूचित करने के लिए बुलाई गई थी, परामर्श के लिए नहीं। संविधान में प्रावधान जो था, उसे पलट दिया गया था। इसकी एक कहानी है। 25 जून की सुबह इंदिरा गांधी राष्ट्रपति भवन जा रही थीं। उनके साथ सिद्धार्थ शंकर रे थे। वे इंदिरा गांधी के भरोसेमंद मित्र तो थे ही, उस समय पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी थे। उन्हें इंदिरा गांधी ने अपने साथ राष्ट्रपति भवन चलने के लिए इसलिए कहा होगा क्योंकि वे संविधान और कानून के बड़े ज्ञाता भी थे। इंदिरा गांधी की कार जब विजय चौक पहुंची तो अचानक उन्होंने सिद्धार्थ शंकर रे से पूछा कि मंत्रिमंडल की बैठक बिना बुलाए इमरजेंसी कैसे लगाई जा सकती है? सिद्धार्थ शंकर रे ने संविधान और उसके प्रावधानों को समझने के लिए वक्त मांगा। शाम को उन्होंने सलाह दी। जो सलाह दी, वही इमरजेंसी को लागू करने का तरीका बना, जिसे इंदिरा गांधी ने अपनाया। सिद्धार्थ शंकर रे ने उनसे कहा था कि राष्ट्रपति अगर इमरजेंसी लगाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर देते हैं तो बाद में मंत्रिमंडल की बैठक में उसकी पुष्टि कराकर घोषणा की जा सकती है। यही उस समय हुआ। 25 जून 1975 की देर रात में इंदिरा गांधी के निजी सचिव आर.के. धवन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से मिले। उन्हें दबाव में लिया। अनिच्छुक राष्ट्रपति झुके। उन्होंने दस्तखत कर दिया। कहते हैं कि राष्ट्रपति बहुत पीड़ा में थे। वे हृदय रोगी तो थे ही इसलिए उन्होंने अपने डॉक्टर आर.के. करोली को अपने पास बैठाया हुआ था। सोचने और असमजंस से उबरने के लिए वे आधे घंटे से ज्यादा समय अपने गुसलखाने में गुजारा। कांग्रेस संविधान की इसी तरह रक्षा करती है।

यह सब 25 जून को ही क्यों हुआ? इसलिए कि उस दिन ऐतिहासिक रामलीला मैदान में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने देश को आसन्न तानाशाही के खतरे से आगाह कराया था? बिल्कुल नहीं। 25 जून का दिन भारत के लोकतंत्र के लिए तब कयामत का दिन बनकर आया। कारण कि एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट की ग्रीष्मकालीन पीठ पर विराजमान जज वी.आर. कृष्ण अय्यर ने अपने फैसले से इलाहाबाद के निर्णय की पुष्टि की।


::श्री गणेशाय नम::

**त्रिनेत्र ज्योतिष परामर्श केन्द्र**



डॉ. योगेश्वर दुबे





जन्मकुण्डली एवं हस्तरेखा के आधार पर भविष्य कथन, महात्युंजय जप, रूद्राभिषेक,शिवार्चन, दुर्गार्चन,दुर्गा,सप्तसती पाठ, मॉ पीताम्बर, बगलामुखी अनुष्ठान, गृह प्रवेश, गृह शांति, कालसर्पयोग शान्ति, सन्तान प्राप्ति, त्रृण मुक्ति, शीघ्र विवाह, पति-पन्ति में मन मुटाव, मानसिक अशांति,परिवार में कलह, राज्य पद प्राप्ति, विद्या में रूकावट, रोजगार एवं नौकरी में बाधा, राजनीति में पद प्राप्ति, चुनाव में टिकिट मिलने हेतु, चुनाव में विजय प्राप्ति हेतु कार्यों में रूकावट, असाध्य रोगों से परेशान, बाहरी हवा से परेशानी, टोने टोटके से परेशानी, घर में वास्तुदोष निवारण हेतु एवं परिवार में धन समृद्धि व सुख शान्ति हेतु आवश्यक संपर्क करें।

निवास-जे-83,हर्षवर्धन नगर, भोपाल,
मो.नं.9754367885,9754369306

-::विशेष::-
वैदि्क विद्वान ब्राहम्मणों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न कराये जाते है।


## मुद्दा : सूखे का गहराता संकट

अनिल जैन

भीषण गरमी, मॉनसून में देरी और प्री-मॉनसून बारिश की कमी ने इस साल देश में सूखे के संकट को गंभीर बना दिया है।

आईआईटी, गांधीनगर के वैज्ञानिकों के मुताबिक देश का लगभग आधा हिस्सा सूखे से पीड़ित है, और इसमें भी 16 फीसद इलाके तो भीषण सूखे की मार झेल रहे हैं। यह जानकारी रियल टाइम मॉनिटिरंग सिस्टम के जरिए हासिल हुई है। आईआईटी के एसोसिएट प्रोफेसर विमल मिश्र के मुताबिक देश में सूखे की स्थिति के अध्ययन के लिए रियल टाइम मॉनिटिरंग सिस्टम उनकी टीम द्वारा चलाया जाता है। सिस्टम आईआईटी, गांधीनगर के वैज्ञानिकों ने ही विकसित किया है।

आने वाले सालों में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के चलते सूखे के ज्यादा आसार हैं। वैज्ञानिकों ने जमीनी पानी (ग्राउंड वॉटर) के गैर-जिम्मेदाराना इस्तेमाल पर चिंता जताते हुए चेताया है कि हमने ग्राउंड वॉटर के स्त्रोतों को और नहीं बढ़ाया, उन्हें ठीक से नहीं संभाला तो आने वाले सालों में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ड्राउट अर्ली वार्मिंग सिस्टम (ड्यूज) के अध्ययन के मुताबिक भी देश के 44 फीसद हिस्से कम या ज्यादा सूखे से पीड़ित हैं। दरअसल, इस वर्ष मॉनसून का आगमन आठ दिन की देरी से हुआ है। उसकी रफ्तार भी धीमी है। साथ ही कई राज्यों में प्री-मॉनसून की बारिश भी सामान्य से काफी कम हुई है। इससे भयावह जल संकट पैदा हो गया है। कृषि पैदावार भी कमी रहने की आशंका गहरा रही है। दरअसल, इस साल मार्च से मई तक होने वाली प्री-मॉनसून वर्षा में औसत 21 प्रतिशत की कमी आई है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत में प्री-मॉनसून वर्षा में 37 फीसद की, जबकि प्रायद्वीपीय भारत में 39 फीसद की कमी रही। हालांकि फोनी तूफान की वजह से हुई वर्षा ने मध्य भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में इस कमी की भरपाई कर दी। लेकिन प्रशांत महासागर में अल नीनो की वापसी के अंदेशे से इस बार मॉनसून के कमजोर होने की आशंका मंडरा रही है।

गैर-सरकारी मौसम एजेंसी स्काईमेट के अनुसार इस साल बारिश के औसत से कम, 93 प्रतिशत रहने की संभावन है। कुछ समय पहले मौसम विभाग ने 96 प्रतिशत बारिश का पूर्वानुमान जताया था। स्काईमेट के मुताबिक मध्य भारत में सबसे कम, सिर्फ 91 प्रतिशत बारिश की संभावना है। 2018 में मॉनसून की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर रहने के बावजूद बड़े बांधों में पिछले वर्ष के मुकाबले 10-15 फीसद कम पानी है। केंद्रीय जल आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताह के दौरान देश के 91 प्रमुख जलाशयों में 27.265 बीसीएम (बिलियन क्यूबिक मीटर) जल संग्रह हुआ। यह इन जलाशयों की कुल संग्रहण क्षमता का मात्र 17 प्रतिशत है। महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु गंभीर सूखे का सामना कर रहे हैं। पिछले दिनों चेन्नई के संकट की खबर आई। वहां इसी सप्ताह चार जलाशय सूख गए। देश के बाकी महानगरों का सूरत-ए-हाल भी बेहतर नहीं है।

## हंसगुल्ले



**लड़का** (रोमांटिक अंदाज में) : देखो डार्लिंग, मैं तुम्हारी जुल्फों के लिए क्या लाया हूं?

लड़की : सो स्वीट, तुम कितने अच्छे हो। वैसे क्या लाए हो?

लड़का : जूएं निकालने वाली कंघी।

☺☺☺

**एक** बार गोलू का पैर ट्रक से कुचल गया। वह डाक्टर के पास गया।

डाक्टर बोला : देख भाई,10-15 टांके लगेंगे।

गोलू : लगा दो डा. साहिब, अब कर भी क्या कर सकते हैं।

डाक्टर ने टांके लगा दिए और कहा : लो भाई हो गया...,अब तुम खतरे से बाहर हो।

गोलू : पर डाक्टर साहब, मुझे तो अभी भी बहुत डर लग रहा है।

डॉक्टर : क्यों?

गोलू बोला : क्योंकि उस ट्रक के पीछे लिखा था-फिर मिलेंगे।

☺☺☺



**पत्नी** : एक बात बताऊं, आप नाराज तो नहीं होंगे?

पति : नहीं, बताओ।

पत्नी (डरते हुए) : मेरी वह हीरे की अंगूठी गुम हो गई है जो आपने मुझे दी थी।

पति : एक शर्त पर माफ कर सकता हूं।

पत्नी : कौन-सी शर्त पर?

पति : आगे से तुम मेरी जेब में हाथ नहीं डालोगी। तुम्हारी अंगूठी मेरी जेब में मिली है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने गांधी जयंती पर भाजपा सांसदों से 'पदयात्रा' शुरू करने को कहा

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर देश के प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में दो अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक 150 किलोमीटर की पदयात्राएं आयोजित करेगी जिनमें उसके सांसद भाग लेंगे और वे वृक्षारोपण करने के साथ ही आज़ादी की लड़ाई में राष्टपिता के योगदान की जानकारी देंगे।

भाजपा की संसदीय दल की मंगलवार सुबह संसद भवन परिसर में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसदों से आह्वान किया कि वे बापू को श्रद्धांजलि देने वाले इस कार्यक्रम में पूरे मनोयोग से भाग लें और इसकी सफलता सुनिश्चित करें।

संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बैठक के बाद संवादददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को बड़े स्तर पर मनायी जाएगी। देश में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में गांधी जयंती यानी दो अक्टूबर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर के बीच 150 किलोमीटर की पदयात्रा होगी।

## रुक-रुक कर हो रही बारिस से किसानों के खिले चेहरे

अयोध्या (आरएनएस)। जनपद में बीती रात से रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। लगातार बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। आम लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली है। आगामी दो से तीन दिनों तक मध्यम से घने बादल छाए रहेंगे और बारिश भी होगी। विज्ञानियों का कहना है कि मानसून पूरी तरह सक्रिय है। इसलिए अभी अच्छी बारिश की उम्मीद है। बीते 24 घंटों में 30 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश की वजह से मौसम भी सुहाना बना रहा और लोगों को गर्मी से निजात मिली। मौसम की अनुकूलता ने खेती-किसानी को भी पंख लगा दिए हैं। बारिश के साथ किसान पूरे दिन खेतों में व्यस्त रहे। नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार मानसून पूरी तरह सक्रिय है। इसीलिए अच्छी बरसात भी होगी रही। मौसम विज्ञानी डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि बुधवार तक मध्यम से घने बादल छाए रहेंगे और अच्छी बारिश भी होगी। सोमवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से एक डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम आद्रता 92 व न्यूनतम 86 फीसदी रही। जगह-जगह हुआ जलभराव बारिश ने नगर निगम की जलनिकासी की व्यवस्था की पोल खोलकर रखा दी है। शहर के अधिकांश हिस्से जलभराव की चपेट में रहे।

इस वजह से कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था भी बाधित हुई। फोरलेन पर ज्यादातर अंडरपास भी पानी से लबालब रहे। अयोध्या फोरलेन से जनौरा को जाने वाला अंडरपास पानी से लबालब रहा। इस वजह से लोगों को खासी दिक्क्तों का सामना करना पड़ा। जलवानपुरा की हालत तो बेहद खराब रही। जलभराव की वजह से आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। रामघाट का भी हाल ऐसा ही रहा।

## उत्तरी छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की चेतावनी जारी

रायपुर, (आरएनएस)। राज्य में आने वाले चौबीस घंटों के दौरान उत्तरी छत्तीसगढ़ के साथ ही कई जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमान की माने तो कल बना कम दबाव का क्षेत्र जो कि पूर्वी उत्तरप्रदेश, इसके आसपास के इलाकों के साथ ही पश्चिमी बिहार के ऊपर सक्रिय था, आज सुस्पष्ट कम दबाव क्षेत्र के रूप में तब्दील हो गया है। इसके अलावा एक चक्रवाती सिस्टम तथा द्रोणिका जो कि पंजाब से लेकेर नागालैण्ड तक बना हुआ है। हरियाणाा, पश्चिमी उत्तरप्रदेश से होते हुए कम दबाव क्षेत्र के मध्य भाग से होते हुए बिहार इसके आसपास के इलाकों से होते हुए पूर्वी उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग से होते हुए आसाम तक ऊपरी हवा में 1.5 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने आने वाले चौबीस घंटों के दौरान कोरिया, सरगुजा, बलरामापुर, जशपुर, सूरजपुर, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं आने वाले 48 घंटों के दौरान प्रदेश के कोरिया, सरगुजा, बलरामपुर, मुंगेली, बिलासपुर, कोरबा, कवर्धा और बेमेतरा जिले में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

इधर राज्य के मैदानी इलाकों में एक बार फिर से झमाझम बारिश का दौर थम गया है। मौसम विभाग की माने तो प्रदेश के मैदानी इलाकों में अच्छी बारिश के लिए राज्य के निकट कोई मजबूत सिस्टम बनना जरूरी है। अभी हाल ही में ओडिशा के निकट बने सुस्पष्ट कम दबाव क्षेत्र के असर से राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश हुई थी। इसके बाद कोई मजबूत सिस्टम तैयार नहीं होने के कारण रायपुर में तेज बारिश की संभावनाओं पर फिलहाल विराम लगा हुआ है।

## शीघ्र सुनवाई के लिये एक पक्षकार पहुंचा न्यायालय

### -अयोध्या भूमि विवाद

नईदिल्ली,(आरएनएस)। अयोध्या में राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद से संबंधित एक पक्षकार ने इस मामले की शीघ्र सुनवाई का अनुरोध करते हुये मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर किया है। पक्षकार गोपाल सिंह विशारद का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश एफ एम आई कलीफुल्ला की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति में बहुत कुछ नहीं हो रहा है। सीजेआई रंजन गोगोई, जज दीपक गुप्ता और जज अनिरूद्ध बोस की तीन सदस्यीय खंडपीठ से विशारद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी एस नरसिम्हा ने इस मामले का उल्लेख करते हुये कहा कि मालिकाना हक के इस विवाद को शीघ्र सुनवाई के लिये न्यायालय में सूचीबद्ध किये जाने की आवश्यकता है। नरसिम्हा ने कहा कि तीन सदस्यीय समिति को न्यायालय द्वारा सौंपे गये भूमि विवाद के इस मामले में अधिक कुछ नहीं हो रहा है । इस पर पीठ ने जानना चाहा कि क्या आपने शीघ्र सुनवाई के लिये आवेदन किया है। इस पर नरसिम्हा ने सकारात्मक जवाब दिया।

## एनजीटी ने पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से फसल जलाने के संबंध में मांगी रिपोर्ट

नईदिल्ली, (आरएनएस)। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पूछा है कि वह इस साल फसल जलाने की समस्या से निपटने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण की यह एक मुख्य वजह है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल के नेतृत्व वाली एक पीठ ने तीनों राज्यों को इस संबंध में हुई प्रगति के बारे में बताने को कहा है। इसके साथ ही उन्हें इससे निपटने की 'रणनीति और प्रस्तावित योजना' को भी बताने के लिए कहा है। एनजीटी ने अपने एक आदेश में कहा, '' संबंधित राज्य अपनी रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं जिसमें वह इस समस्या से निपटने के लिए रणनीति और अपनी प्रस्तावित कार्य योजना के साथ इसमें हुई प्रगति का भी जिक्र कर सकते हैं।'' अधिकरण का यह निर्देश राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से होने वाली मौत की खबरों के बाद आया है। इनमें वायु प्रदूषण के कारणों में फसलों को जलाना भी बताया गया है।

## मथुरा में दिनभर जलती रहती है स्ट्रीट लाइट

मथुरा (आरएनएस)। तीन लोक से न्यारी नगरी मथुरा में विद्युत विभाग निराले कार्य। यहां रात में स्ट्रीट बंद होने से सड़क पर अंधकार छाया रहता है। वहीं दिन में भगवान भास्कर के उजाले में भी स्ट्रीट लाइटें जलती दिखाई पड़ती हैं। न तो इनको बंद करने वाला है न देखने वाला है। ऐसा हीं एक नजारा मुर्गा फाटक के पास बने ओवरब्रिज पर घ्देखने को मिलता है। यहां लगी सोडियम लाइट (स्ट्रीट लाइट) दिन में भी जलती रहती हैं। यूनिक समय समाचार पत्र ने अपने कैमरे में इस नजारे कैद किया।

यहां की सभी स्टीस्ट्रीट लाइट जलती हुई दिखाई देती हैं, जबकि राधापुरम कालोनी से लेकर वात्सल्य ग्राम वृंदावन तक जो कि एक तीर्थस्थल का महत्वपूर्ण मार्ग है, यहां पर रात को अंधकार छाया रहता है। यहां पर स्ट्रीट लाइट का पता तक नहीं है। रोड पर अंधेरे होने की वजह से लूटमार का खतरा बना रहता है। इसी तरह यमुना एक्सप्रेस से जाने वाले कैलाश नगर गोरे दाऊजी रोड पर विप्रा ने स्ट्रीटलाइटें लगवाई और लाखों रूपये खर्च किए, लेकिन स्ट्रीट को देखने वाला कोई नहीं और जलती भी नहीं है।

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से श्रद्धालुओं ने इस ओर ध्यान देने की मांग की है।



जम्मु में अमरनाथ यात्रा के लिए यात्रियों के निकलते समय वहां तैनात एक सीआरपीएफ का जवान। यात्रा हिजगुल मुजाहिद्दीन के पूर्व कमांडर बुरहानवानी की तिसरी बर्सी के कारण सोमवार को स्थगित की।

## सीबीआई ने 19 राज्यों में 110 जगहों पर की छापेमारी

### -भ्रष्टाचारियों और हथियार तस्करों पर नजर

नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्रीय जांच एजेंसी, सीबीआई ने मंगलवार को देशभर में एक साथ 110 जगहों पर छापेमार की कार्रवाई की है. यह छापेमारी 19 राज्यों में एक साथ अलग-अलग स्थानों पर की जा रही है. गौरतलब है कि सीबीआई ने हाल में ही भ्रष्टाचार, आपराधिक दुराचार और हथियारों की तस्करी से जुड़े 30 मामले दर्ज किए हैं.

जानकारी के मुताबिक सीबीआई को खबर लगी थी कि देश में हथियारों की तस्करी की जा रही है. देश की सुरक्षा के मद्देनजर सीबीआई ने मंगलवार की एक विशेष अभियान के तहत 19 राज्यों में एक साथ छापेमारी की. बताया जाता है कि इस छापेमारी कार्रवाई में 110 जगहों पर टारगेट किया गया है. अभी तक इस बात की जानकारी हासिल नहीं हो सकी है कि सीबीआई को इस छापेमारी कार्रवाई में अभी तक कितनी कामयाबी मिली है.

गौरतलब है कि इससे पहले सीबीआई ने पिछले हफ्ते देश भर में कथित बैंक धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया, जिसके तहत 640 करोड़ रुपये के घपले के संबंध में 14 अलग-अलग मामले दर्ज किए गए. अधिकारियों ने बताया कि देश के 12 राज्यों में विभिन्न मामलों में कंपनियों के प्रमोटर्स और निदेशकों के खिलाफ एक समन्वित कार्रवाई के तहत एजेंसी की टीमों ने 18 शहरों में 50 स्थानों पर छापे मारे. उन्होंने बताया कि जिन शहरों में छापेमारी हुई है उनमें दिल्ली, मुंबई, लुधियाना, ठाणे, वलसाड, पुणे, पलानी, गया, गुरुग्राम, चंडीगढ़, भोपाल, सूरत और कोलार शामिल हैं.

## राजधानी में छाए बादल, बारिश की संभावना

नईदिल्ली, (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में मंगलवार सुबह बादल छाने के साथ कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है। तापमान में हालांकि गिरावट दर्ज की गई, लेकिन मंगलवार सुबह आर्द्रता 68 फीसदी रही।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि मंगलवार को दिल्ली में हल्की बारिश होने की संभावना है और आसमान में बादल छाए रहेंगे। मंगलवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। वहीं, सोमवार को पारा 28 और 36.7 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम की जानकारी देने वाली निजी स्काईमेट के अनुसार, मंगलवार को मुंबई, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में भारी बारिश हो सकती है।

## तेजस होगी देश की पहली प्राइवेट ट्रेन

नईदिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली और लखनऊ के बीच चलने वाली तेजस एक्सप्रेस देश की पहली प्राइवेट ट्रेन होगी। केंद्र सरकार ने प्राइवेट ट्रेन चलाने की दिशा में विशेष प्रयास कर रही है। केन्द्र ने बजट में इस बात का संकेत दिया गया था कि निजीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाया जाएगा।

रेलवे ने 100 दिन के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए शुरुआती तौर पर 2 प्राइवेट ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार ने तमाम विरोध के बीच आखिरकार रेलवे के निजीकरण की ओर कदम बढ़ा दिया है. रेलवे बोर्ड दिल्ली-लखनऊ के अलावा दूसरे 500 किमी दूरी के मार्ग के चयन में जुटी है, जहां दूसरी प्राइवेट ट्रेन चलाई जाएगी।

केंद्र सरकार ने प्राइवेट ट्रेन चलाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। बजट में इस बात का संकेत दिया गया था कि निजीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाया जाएगा। इसका रेल यूनियन ने विरोध करने का निर्णय लिया है, लेकिन इस बीच यह खबर आ गई है कि दिल्ली और लखनऊ के बीच चलने वाली तेजस एक्सप्रेस देश की पहली प्राइवेट ट्रेन होगी। आईआरसीटीसी से कहा गया है कि वह इसके बारे में प्रस्ताव को 10 जुलाई तक अंतिम रूप दे दे।

गौरतलब है कि रेलवे ने 100 दिन के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए शुरुआती तौर पर दो प्राइवेट ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

# हज यात्री ला सकते हैं आबे जमजम

## एयर इंडिया ने दी सफाई

मुंबई,(आरएनएस)। एयर इंडिया ने मंगलवार को यह साफ कर दिया कि हज यात्रा से लौटने वाले श्रद्धालु जमजम कुएं से पवित्र जल आबे जमजम ला सकते हैं. हालांकि एयर इंडिया ने कुछ शर्तें रखी हैं. इनमें प्रमुख रूप से यात्रियों को जमजम की मात्रा का खयाल रखना होगा. क्योंकि सामान लाने-लेजाने की मात्रा को लेकर एयर इंडिया पहले ही दिशा-निर्देश जारी कर देता है. इन निर्देशों के पाल करने वालों को एयर इंडिया आबे जमजम लाने की अनुमति देगा।

उल्लेखनीय है कि इस्लाम में पवित्र माने जाने वाले शहर मक्का में एक पवित्र कुआं है. इस कुएं के पानी को हज यात्री अपने दोस्तों और परिवार के लिए सऊदी अरब के मक्का शहर से भारत लाते हैं. इस क्रम में कुछ दिनों पहले हज पर गए यात्रियों ने लौटते वक्त गैलन भर-भर कर आबे जमजम लिए एयरपोर्ट पहुंच गए. वहां एयर इंडिया कर्मियों ने श्रद्धालुओं को आबे जमजम लेकर आने से मना कर दिया था. इस पर खूब हो-हल्ला मचा था।

असल में चार जुलाई को एयर इंडिया की सेल्स टीम ने जेद्दाह-हैदराबाद-मुंबई और जेद्दाह-कोचिन फ्लाइट्स एआई-966 और एआई-964 में आबे जमजम लेकर यात्रा ना करने की जानकारी दी थी. एयर इंडिया ने ट्रेवेल एजेंट्स को एक चिट्ठी लिखी थी, इसमें तीर्थयात्रियों को 10 किलोग्राम के वजन सामान लेकर यात्रा करने की जानकारी थी.

लेकिन आमतौर पर यात्री 40 किलोग्राम तक सामान बढ़वाने की अनुमति मांगते हैं. पहले यह अनुमति थी कि आबे जमजम के लिए एयर इंडिया अलग से अनुमति देता था।

लेकिन अब आबे जमजम को यात्री के कुल सामान का ही हिस्सा माना जाएगा. इन दिनों यात्रियों की संख्या बढ़ी हुई है. ऐसे में दूसरे यात्रियों के सामान का भी ध्यान रखना होता है. इसलिए बड़े गैलेन लेकर यात्रा करने पर मनाही कर दी गई थी।

## सिटी मजिस्ट्रेट ने जूस पिला तक खतम कराया आमरण अनशन

गाजियाबाद (आरएनएस)। एम एम एच कॉलेज पे समाजवादी छात्र सभा द्वारा छात्र संघ चुनाव बहाली के लिए किए जा रहे आमरण अनशन के चौथे दिन धरना स्थल पे सिटी मजिस्ट्रेट ने पहुंचकर अनशनकारियों की मांगों को विश्विद्यालय स्तर पे हल करवाने के लिए ठोस आश्वाशन देते हुए जूस पिलाकर अनशन को समाप्त करवाया, अनशन पे बैठे समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विपिन नागर ने बताया कि हम लोग प्रदेश सरकार द्वारा समाप्त किये गए छात्र संघ चुनावों पे जो रोक लगाई गई है उसको तत्काल प्रभाव से हटाया जाए ओर छात्र संघ चुनाव बहाल किये जायें ताकि छात्रों की आवाज को मजबूती के साथ उठाया जा सके, नागर ने बताया कि अनशन पे आज चौथे दिन समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र मुन्नी, महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी, महिला सभा की अध्यक्ष राजदेवी चौधरी,रश्मि चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी,योगेश सिरोही,ने पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट के साथ अनशनकारियों की वार्ता करवाई ओर जो मांग है उनको शासन स्तर पे पूरी करवाने का आश्वासन देकर भूख हड़ताल समाप्त करवाई। अनशनकारियों में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अमन नागर,मोहित कौशिक,जीतू शर्मा,चेतन यादव,पुनीत खरे,आदि को जूस पिलाकर अनशन खत्म करवाया।



बेंगलुरू में विधानसभा पर गांधी प्रतिमा के सामने में प्रदर्शन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया , केपीसीसी अध्यक्ष दिनेश गुंडुराव, एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल, उपमुख्यमंत्री जी परमेश्वर एवं अन्य कांग्रेस नेतागण।

## लोकसभा में दूसरी पंक्ति में बैठेंगे राहुल

### -अधीर रंजन होंगे पब्लिक अकाउंट्स कमिटी के अध्यक्ष

नईदिल्ली, (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस अब टूटती हुई नजर आ रही है। सबसे पहले हार का ठीकरा अपने ऊपर फोड़ते हुए राहुल गांधी ने पार्टी से इस्तीफा दिया था और अब कर्नाटक में भी इस्तीफे देने का राजनीतिक ड्रामा शुरू हो गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने के बाद लोकसभा में राहुल गांधी की जगह बदल गई है। अब 17वीं लोकसभा के सीटिंग अरेंजमेंट के तहत राहुल गांधी दूसरी लाइन में बैठे नज़र आएंगे। फिलहाल राहुल विपक्ष के बेंच पर सोनिया गांधी के बगल में पहली लाइन में बैठे दिख रहे हैं। फिलहाल राहुल विपक्ष के बेंच पर सोनिया गांधी के बगल में पहली लाइन में बैठे दिख रहे हैं। लेकिन, स्पीकर के कार्यालय से इंडिविजुअल सीट के औपचारिक बंटवारे के हिसाब से अब उन्हें दूसरी लाइन में बैठने की जगह दी जा सकती है।

वहीं, सोनिया गांधी ने संसदीय दलों की सहमति से संसद की पब्लिक अकाउंट्स कमिटी के अध्यक्ष पद के लिए अधीर रंजन चौधरी का नाम केंद्र सरकार और स्पीकर के पास भेजा है। चौधरी लोकसभा में पार्टी के नेता हैं। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस को अपोजिशन बेंच की पहली लाइन में दो सीटें मिली हैं। वहीं, इसकी सहयोगी और दूसरी बड़ी विपक्षी पार्टी डीएमके को कांग्रेसी नेताओं के बगल में एक सीट मिली है। ऐसे में साफ है कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, सदन में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी और डीएमके नेता टी आर बालू विपक्षी बेंच की पहली लाइन की तीन सीटों पर बैठेंगे।



# पौने तीन साल की बेटी है, शादी जब चाहूंगी कर लूंगी:माही गिल



देव डी, गुलाल, साहब बीवी गैंगस्टर और दबंग जैसी सुपरहिट फ्रेंचाइज फिल्मों में अपने बेहतरीन ऐक्टिंग से दर्शकों के बीच एक अलग और शानदार जगह बनाने वाली अभिनेत्री माही गिल इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म फैमिली ऑफ ठाकुरगंज के प्रमोशन में जुटी हैं। इसी दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी से जुड़ा बड़ा खुलासा किया और बताया कि उनकी पौने तीन साल की एक बेटी भी है। वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ लिव-इन में रहती हैं और निकट भविष्य में शादी भी कर सकती हैं।

माही ने बताया करीब तीन साल पहले उन्होंने अपनी बेटी को जन्म दिया था और इस बात को कभी भी छिपाने की कोशिश भी नहीं की। माही कहती हैं, मुझे कभी भी किसी मीडिया वाले ने सवाल ही नहीं किया। न किसी ने पूछा, न मैंने बताया। आज पहली बार आपने बात की तो मैंने बता दिया। मुझे बहुत गर्व है कि मैं एक बेटी की मां हूं। हां, मैंने अब तक शादी नहीं की है, जब लगेगा कि शादी करना है तो कर लूंगी। इस साल अगस्त में मेरी बेटी 3 साल की हो जाएगी। शादी को लेकर शुरू हुए एक सवाल पर माही ने जब अपनी बात कहना शुरू किया तो खुद ही बताने लगीं।

### शादी की क्या प्लानिंग है, कब करेंगी ?

क्या करना है शादी करके। क्या जरूरत है शादी की। ऐसे खुश हैं न। मुझे लगता है बिना शादी के रहा जा सकता है। यह सब अपनी-अपनी सोच और समय पर निर्भर है। बिना शादी के फैमिली भी बनाई जा सकती है और बच्चे भी किए जा सकते हैं। यह सबकी अपनी पर्सनल सोच हो सकती है। शादी के बिना बच्चों के होने में कोई दिक्कत नहीं होना चाहिए, मुझे नहीं लगता इसमें कोई समस्या है। मैं तो बिल्कुल बिना शादी के बच्चे की मां बनने को तैयार भी हूं। मुझे लगता है हर किसी की अपनी लाइफ है, हर किसी के अपने सिद्धांत हैं, जिंदगी जीने के, हमें हर किसी की सोच की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। शादी बहुत खूबसूरत चीज है, लेकिन करना या न करना व्यक्तिगत चुनाव है।

### कैसा लाइफ पार्टनर चाहती हैं?

जो मेरा ख्याल रखे, प्यार करे, बुद्धिमान हो। मुझे मेरी आजादी बहुत महत्वपूर्ण लगती है, उसका फ्रीडम का ध्यान रखे, अगर फ्रीडम नहीं मिलेगी तो मैं कुछ नहीं कर पाऊंगी। मुझे ऐसा साथी मिल चुका है। मैं सिंगल नहीं हूं। प्यार मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, बहुत विश्वास है। प्यार में होना बहुत बेहतरीन बात है। दरअसल मेरे बॉय फ्रेंड गोवा में बिजनस करते हैं, इसलिए मेरा गोवा जाना भी बहुत होता है। मैंने अभी तक शादी नहीं की है। हम दोनों लिव इन रिलेशन में हैं। शादी बाद में करेंगे। मेरी एक बेटी भी है, जो लगभग 3 साल की है। बेटी का नाम वेरोनिका है। मेरी बेटी का ध्यान मेरी आंटी रखती हैं। बिटिया मेरे साथ मुंबई में ही रहती है।

### फिल्म फैमिली ऑफ ठाकुरगंज के बारे में कुछ बताइए?

दबंग बीवी का किरदार निभा रही हूं, ऐसी बीवी जो बहुत दबंगई से रहती है और अपने सभी फैसले खुद करती है। उसकी एक बेटी है, एक सास है, सास के साथ उसकी बहुत ही इंट्रेस्टिंग केमेस्ट्री है। बहुत ही फैमिली टाइप की कहानी है, 2 भाइयों की कहानी के साथ-साथ मेरे किरदार का अनोखा रोमांटिक ऐंगल भी है, ऐसा प्यार पहले कभी भी मेरे हिस्से में नहीं आया है।

असल जिंदगी में रंगबाजी बनाए रखने के लिए क्या करती हैं?

असल जिंदगी में रंगबाजी बनाए रखने के लिए स्टैंड लेती हूं। जहां भी ऐसा लगता है कि मुझे स्टैंड लेना है, वहां जरूर लेती हूं। अपने सिद्धांतों पर चलती हूं। मैं संकोची बहुत हूं, इसलिए बहुत ज्यादा लोगों के बीच उठना-बैठना भी नहीं होता। जैसे ही मेरा काम खत्म होता है, मैं घर भागती हूं। मैं अपने इस व्यवहार को खुद भी गलत मानती हूं। बॉलिवुड में काम करती हूं तो लोगों के बीच व्यवहार बना कर रखना चाहिए, पार्टियों में जाना चाहिए, कई बार लगता है कि मैं गलत फील्ड में तो नहीं आ गई। अगर कभी किसी पार्टी में भी जाती हूं तो अपने शर्मीले स्वभाव की वजह से कोना पकड़ कर बैठ जाती हूं। पार्टियों में रंगबाजी नहीं दिखाती हूं।

# पूल साइड रिलैक्स करती दिखीं प्रियंका चोपड़ा



**प्रियंका चोपड़ा इन दिनों छुट्टियों पर हैं. फुरसत के पलों में प्रियंका चोपड़ा आराम से पूल साइड रिलैक्स कर रही हैं. लेकिन उनकी तस्वीरें ऐसी हैं कि जो इन्हें देखेगा वो रिलैक्स करना भूल जाएगा. अब क्या ही कहें प्रियंका का स्टाइल ही ऐसा है. प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर ये तस्वीरें शेयर कीं. इनमें प्रियंका पूल साइड चिल करती नजर आ रही हैं. प्रियंका ने जिस अंदाज में ये तस्वीरें खिंचवाई हैं. वह किसी को भी मात दे सकती हैं. स्टाइल के मामले में तो उनका गेम अब एक लेवल ऊपर ही चलता है.इन पूल साइड पिक्स को शेयर करते हुए प्रियंका ने लिखा, छुट्टियों का बेस्ट इस्तेमाल कि पति आपकी तस्वीरें क्लिक करे. प्रियंका की ये पोस्ट इस कदर वायरल हो रही है कि फैन्स को तो छोड़िए देसी गर्ल का अंदाज देखकर बॉलीवुड हसीनाएं भी फिदा हो रही हैं.**

ईशा गुप्ता जो कि खुद अपनी हॉट तस्वीरों के लिए मशहूर हैं. उन्होंने प्रियंका की फोटो पर फायर स्टीकर बनाया. प्रियंका चोपड़ा के एक फैनपेज ने लिखा, थैंक्यू मिस्टर जोनास. प्रियंका चोपड़ा स्टाइल नाम से इंस्टाग्राम चला रहे एक यूजर ने लिखा, मैं सुबह-सुबह इतनी गर्मी के लिए तैयार नहीं था. प्रियंका मुझ पर थोड़ी दया करें. वहीं सार्थक ने लिखा, काइली जेनर के लक्षण. हर कोई प्रियंका की इस तस्वीर की तारीफ कर रहा है. शायद ही कोई हो जो इसे इग्नोर कर पाया हो. इन तस्वीरों को अब तक 24 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं.

# बुमराह को डेट करने की खबरों पर अभिनेत्री अनुपमा परमेस्वरम ने तोड़ी चुप्पी



*फिल्मी सितारे और क्रिकेटरों के बीच दोस्ती, प्यार और शादी का पुराना इतिहास रहा है. मंसूर अली खान पटौदी और शर्मिला टैगोर से लेकर विराट कोहली और अनुष्का शर्मा तक, ऐसी कई जोड़ियां मिसाल हैं, जो ग्लैमर और क्रिकेट की देन है. यही वजह है कि जब भी इन दो क्षेत्रों के सितारे एक दूसरे से मिलते हैं या किसी भी तरह से जुड़ते हैं तो अफवाहों और कयासों का दौर चल पड़ता है।*

*इश्क और मुहब्बत की इस तरह की अफवाहों की जद में अब टीम इंडिया के दिग्गज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और साउथ की एक्ट्रेस अनुपमा परमेस्वरम भी आ गए हैं. हाल में रिपोर्ट्स आई थीं, कि दोनों सितारे एक दूसरे को डेट कर रहे हैं. हालांकि अभिनेत्री अनुपमा ने बुमराह से डेटिंग की खबरों को कोरी अफवाह करार दे दिया है।*

*पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह और अनुपमा की डेटिंग की खबरें उस वक्त आनी शुरू हुईं, जब अभिनेत्री ने बुमराह को ट्विटर पर फॉलो किया. उनके महज़ फोलो करने के बाद से अफेयर की खबरें आने लगीं. हालांकि अब अनुपमा ने साफ कर दिया है कि वो बुमराह की सिर्फ अच्छी दोस्त हैं और वो एक दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं।*

# सेफ गेम मुझे कतई पसंद नहीं: भूमि पेडणेकर

फिल्म दम लगा के हईशा में एक असामान्य और बोल्ड डेब्यू के साथ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाली अभिनेत्री भूमि पेडणेकर के पास इस समय आधी दर्जन फिल्में हैं, जिनकी शूटिंग कर रही हैं या शूट कर चुकी हैं। भूमि कहती हैं कि उन्हें फिल्मों के चुनाव के मामले में सेफ गेम नहीं पसंद। भूमि की पिछली रिलीज़ फिल्म सोन चिड़िया बुरी तरह फ्लॉप हो गई थी, हालांकि फिल्म क्रिटिक ने फिल्म को खूब सराहा था। फिल्म में भूमि का काम भी खूब पसंद किया गया था।

भूमि कहती हैं कि उनके भीतर एक बहुत मजबूत कलाकार मौजूद है, जो बेखौफ है और एक ऐसे चरित्र, जिसमें वह विश्वास करतीं हैं, उनके लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। भूमि ने लस्ट स्टोरीज, शुभ मंगल सावधान, टॉइलट: एक प्रेम कथा और सोन चिड़िया में अलग-अलग भूमिकाएं निभा कर अपने शानदार अभिनय से फिल्म निर्माताओं को आकर्षित किया है।

अगले 12 महीनों में भूमि की 6 बड़ी फिल्में रिलीज़ होंगी। भूमि कहती हैं, एक ऐक्टर के रुप में फिल्मों में प्रवेश मिलना, मेरे लिए चुनौती के समान है। हर फिल्म और किरदार से सीखना मुझे अच्छा लग रहा है। एक ही तरह की भूमिकाएं



निभाना और सेफ गेम खेलना मुझे कतई पसंद नहीं। मेरे लिए अभिनय करने का मतलब खुद को भूल जाना और स्क्रीन पर एक अलग ही किरदार में ढल जाना है। मैं हमेशा जोखिम भरी और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं की तलाश करती हूं, जहां मैं एक अभिनेत्री के रूप में हर बार कुछ नया और बेहतर कर सकूं। इसलिए मैं ऐसे प्रॉजेक्ट का चयन करतीं हूं, जिसमें मेरा किरदार महत्वपूर्ण हो। इन दिनों भूमि लखनऊ में फिल्म बाला की शूटिंग कर रही हैं। यह फिल्म समय पूर्व गंजेपन पर आधारित एक सामाजिक व्यंग्य है। फिल्म डॉली किट्टी और वे चमकते सितारे भूमि शूट कर चुकी हैं, यह फिल्म महिलाओं के सपने और उनकी आकांक्षाओं पर आधारित एक ड्रामा है। अनुराग कश्यप की देख-रेख में तैयार फिल्म सांड की आंख दुनिया में मशहूर भारत के सबसे पुराने शार्पशूटर्स की बायॉपिक है। इसके अलावा फिल्म पति पत्नी और वो एक रोमांटिक कॉमिडी है, जबकि फिल्म मेकर करण जौहर की मल्टी स्टारर महाकाव्य तख्त में भी भूमि की एक महत्वपूर्ण और एकदम अलग भूमिका है। भूमि कहतीं हैं, मैं हर भूमिका में एक अलग अवतार में नजर आउंगी, यह मेरे लिए काफी रोमांचक है। यही एक चीज है जो मुझे किसी फिल्म के चयन करने, इन फिल्मों के सेट पर मौजूद रहने और ऐसे विविध फिल्म निर्माताओं के साथ सहयोग करने को प्रेरित करती है।

# 'मैंने प्यार किया' के सेट पर 30 रोटी खा जाते थे सलमान

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान का कहना है कि वह फिल्म 'मैंने प्यार किया' के सेट पर 30 रोटी खा जाते थे। सलमान खान को बॉलीवुड का सर्वाधिक फिट स्टार माना जाता है। सलमान को फिल्म में अपने किरदारों के लिए वज़न घटाने और बढ़ाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। पिछली कुछ फिल्मों में सलमान अपने हर लुक को लेकर कड़ी मेहनत करते हुए दिखते हैं।

सलमान ने कहा, मेरी फिल्मों में शुरुआती संघर्ष वजन बढ़ाने को लेकर होता था क्योंकि मैं अपने करियर के शुरुआती दौर में काफी पतला था तो मैं उस समय जो भी मिलता था, वो खा लेता था। मुझे याद है कि मैं अपनी फिल्म 'मैंने प्यार किया' के सेट पर 30 रोटियां खा जाता था और काफी केले खाता था। अब वो दौर है जब मैं खाना सूंघ भी लेता हूं तो मेरा वजन बढ़ जाता है, तो ऐसे में अब शुरुआती दौर से स्ट्रगल अब बदल गया है। अब बड़ा संभल कर खाना पड़ता है क्योंकि वजन बढ़ने का खतरा हो जाता है। वहीं पहले कुछ भी खा लेता था तो वजन नहीं बढ़ता था।

सलमान ने कहा,मैंने फिल्म सुल्तान और भारत के लिए बहुत कम समय में वजन घटाने और वजन बढ़ाने के प्रोसेस को पूरा किया है और इस दौरान यंग किरदार और ओल्ड किरदार के लिए मुझे करीब 15 किलोग्राम वजन ऊपर नीचे करना पड़ा था।

# कार्तिक आर्यन की दोस्ताना 2 का हिस्सा बनने पर बोलीं जान्हवी कपूर

**करण जौहर ने हाल ही में यह अनाउंस किया कि दोस्ताना 2 में कार्तिक आर्यन के साथ जान्हवी कपूर स्क्रीन शेयर करती हुई नजर आएंगी। करण ने यह भी कहा है कि इस फिल्म में इन कलाकारों के साथ एक नया कलाकार भी नजर आएगा ताकि ट्राएंगल रोमांटिक-कॉमिडी कम्प्लीट दिखे। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जान्हवी ने अपनी इस फिल्म को लेकर बातचीत की। जान्हवी ने कहा कि वह इस फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह इस फिल्म का हिस्सा सिर्फ इसलिए नहीं बनना चाहती कि इसमें एक मेसेज है बल्कि यह फ़न से भरी एक कहानी है।**

# सब्जियां पकाते वक्त फॉलो करें ये टिप्स, नष्ट नहीं होंगे पोषक तत्व

कहते हैं कि खाना बनाना भी एक कला है। लेकिन जरूरी नहीं कि हर कोई इस कला में माहिर हो। वैसे इस हुनर के लिए सिर्फ खाना पकाना ही जरूरी नहीं, बल्कि उसे पकाने का तरीका भी बेहद जरूरी है। स्वादिष्ट खाने के साथ-साथ उसका पोषक तत्वों से भरपूर होना बेहद जरूरी है। लेकिन कई बार कुकिंग की गलत आदतों की वजह से भोजन से जरूरी पोषक तत्व निकल जाते हैं। नतीजा यह होता है कि शरीर को जरूरी पोषण नहीं मिल पाता और बीमारियों और इंफेक्शन का शिकार होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए जरूरी है कि खाना बनाते वक्त खासकर सब्जियां पकाते वक्त कुछ सावधानियां बरती जाएं।

यहां कुछ काम के टिप्स बताए जा रहे हैं जिनकी मदद से आप खाना पकाते वक्त न्यूट्रियंट्स को नष्ट होने से बचा सकती हैं-

1- सबसे पहले तो यह ध्यान रखें कि सब्जियों को हमेशा धोने के बाद ही काटना चाहिए। काटने के बाद धोने से ज्यादातर पोषक तत्व पानी के साथ ही निकल जाते हैं।

2- आलू, शकरकंद और गाजर जैसी सब्जियां उबालकर बनाना चाह रही हैं तो फिर उन्हें बिना छीले ही उबालें। ऐसा करने से पोषक तत्व नष्ट नहीं होते है और सब्जी की कवरिंग के अंदर ही रह जाते हैं। छीलकर उबालने से सारे न्यूट्रियंट्स पानी में निकल जाते हैं। इसके अलावा कुछ ऐसी सब्जियां होती हैं जिनके छिलकों में भी पोषक तत्व होते हैं। ऐसी सब्जियों को बिना छीले ही बनाएं।

3- सब्जियां तभी काटनी चाहिए जब उन्हें बनाना हो, नहीं तो हवा और रोशनी से संपर्क में आने से भी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। नौकरीपेशा महिलाएं सुबह जल्दी ऑफिस जाने के चक्कर में रात को ही सब्जी काटकर रख देती हैं। इससे टाइम तो बच जाता है लेकिन उस सब्जी में फिर न्यूट्रिशन नहीं रह पाता।



4- सब्जी पकाते वक्त यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि सीमित मात्रा में ही पानी का उपयोग किया जाए। ज्यादा पानी में सब्जी या कोई चीज पकाने से न्यूट्रियंट्स खत्म हो जाते हैं और गैस जो बर्बाद होती है, सो अलग। इसके अलावा उबाली हुई सब्जियों को कभी भी ठंडे पानी या फिर रनिंग वॉटर में नहीं धोना चाहिए। वरना रहे सहे न्यूट्रियंट्स भी बर्बाद हो जाते हैं।

5- छोले, काले चने या फिर राजमा पकाते वक्त अगर बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करते हैं तो फिर ऐसा करना बंद करें। इससे विटमिन सी और अन्य जरूरी मिनरल्स नष्ट हो जाते हैं।

6- जब भी सब्जी काटें तो थोड़े बड़े टुकड़ों में काटें। ज्यादा छोटे टुकड़े काटने से भी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं।

# डायबीटीज से लेकर कैंसर से बचाव में मददगार है जामुन



जिस तरह चिलचिलाती गर्मी में आम खाने का अलग ही स्वाद और मजा होता है, ठीक उसी तरह बरसात में जामुन खाने का। जामुन तो लगभग सभी लोग खाते होंगे, लेकिन इसके गुणों और फायदों के बारे में शायद सभी को पूरी जानकारी नहीं होगी। आज हम आपको जामुन और इसकी गुठली के बेजोड़ फायदों के बारे में बताएंगे। लेकिन पहले ये जान लें कि जामुन को दुनियाभर में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। जैसे कि जम्बुल, ब्लैक प्लम, जावा प्लम या फिर जैम्बलैंग। डायबीटीज के मरीजों के लिए जामुन के साथ-साथ उसकी गुठली एक बेहतरीन औषधि है। मरीज रोजाना जामुन खाने के अलावा उसकी गुठली के चूर्ण का सेवन भी कर सकते हैं। इसके लिए जामुन की गुठली को सुखाकर पीस लें और उस चूर्ण को रोजाना एक गिलास पानी के साथ लें। जामुन में भरपूर मात्रा में आयरन होता है जो खून को साफ करने और बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा यह डायरिया, अपचन जैसी पेट संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने में भी मदद करता है। आपको शायद यकीन न हो लेकिन जामुन बढ़ते वजन से परेशान लोगों के लिए बेहद फायदेमंद है। चूंकि इसमें काफी कम कैलरी होती हैं इसलिए यह वजन कम करने में भी सहायक है। जामुन को कैंसर के इलाज में भी कारगर माना गया है। साल 2005 में आयी एक स्टडी में दावा किया गया था कि जामुन में कैंसर प्रतिरोधी और कीमोप्रिवेंटिव तत्व होते हैं जो शरीर से फ्री रैडिकल्स को निकालने में मदद करते हैं।

# अमेरिका में बाढ़ का कहर, व्हाइट हाउस में घुसा पानी

## -सड़कें जलमग्न

वाशिंगटन,। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन समेत वर्जीनिया और कोलंबिया में सोमवार को तेज बारिश के बाद बाढ़ आ गई। यहां एक घंटे के अंदर 3.3 इंच पानी बरसा। सड़कों पर पानी आने के कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। तेज बारिश के कारण यहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया।

शहर की सड़कें नहर में तब्दील हो गईं। व्हाइट हाउस के बेसमेंट में जहां पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था है, उस कमरे में भी पानी भर गया। मौसम विभाग ने मेट्रो क्षेत्र में बाढ़ आपातकाल घोषित कर दिया। सड़कों पर इतना ज्यादा पानी भर गया है कि लोग कार की छतों पर चढ़कर जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि वाशिंगटन डीसी में सोमवार सुबह से भारी बारिश का दौर चल रहा है।रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश से वाशिंगटन डीसी में नॉर्थ वेस्टर्न डीसी, साउथर्न मोंटगोमेरी, ईस्ट सेंट्रल लौडौन काउंटी, अर्लिंगटन काउंटी, फाल्स चर्च और नॉर्थ ईस्टर्न फैयरफेक्स काउंटी के इलाके प्रभावित हो रहे हैं।

## तालिबानी हमले में 20 सैनिकों की मौत

काबुल ।अफगानिस्तान के उत्तरी कुंडुज प्रांत में तालिबानी आतंकवादियों के हमले में अफगान सेना के कम से कम 20 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गयी। स्थानीय सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक कल रात तालिबान ने इमाम साहिब जिले में सेना की अग्रिम चौकियों को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें 20 सैनिकों की मौत हो गयी। तालिबान ने सोशल मीडिया पर एक वक्तव्य जारी कर इस हमले की जिम्मेदारी ली है।कतर की राजधानी दोहा में दो दिवसीय अंत: अफगान बैठक सोमवार को ही खत्म हुई है। बैठक के बाद एक संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया गया जिसमें तनाव कम करने के प्रयासों पर सहमति जताई गयी। इस बैठक की मध्यस्थता जर्मनी और कतर ने की जिसमें अफगानिस्तान के राजनेताओं, तालिबान और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## अमेरिकी कांग्रेस ग्रीन कार्ड पर प्रत्येक देश के संबंध में लगी सीमा हटाने को वोट करेगी

वॉशिंगटन,। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा मंगलवार को उस विधेयक पर मतदान करेगी जो ग्रीन कार्ड जारी करने को लेकर देशों पर लगी सीमा को हटाने की मांग करता है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी दोनों के 310 से ज्यादा सांसदों से समर्थन प्राप्त 'फेयरनेस फॉर हाई स्किल्ड इमिग्रेंट्स एक्ट' के आसानी से पारित होने की संभावना है। विधेयक के प्रस्तावक इस बात से खुश हैं कि 203 डेमोक्रेट और 108 रिपब्लिकन इस विधेयक को सह प्रायोजित कर रहे हैं। इसके प्रस्तावक एक त्वरित प्रक्रिया अपना रहे हैं जिसके तहत विधेयक को बिना सुनवाई एवं संशोधनों के पारित होने के लिए 290 मतों की जरूरत है। ग्रीन कार्ड पर प्रत्येक देश के हिसाब से लगी सीमा से मुख्यत: फायदा भारत जैसे देशों से एच-1 बी वर्क वीजा पर काम कर रहे हाई-टेक पेशेवरों को फायदा होगा जिनके लिए ग्रीन कार्ड का इंतजार एक दशक से भी ज्यादा वक्त का है। हाल के कुछ अध्ययनों में कहा गया कि एच-1 बी वीजा प्राप्त भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए यह इंतजार 70 साल से भी ज्यादा का है। स्वतंत्र रूप से काम करने वाली कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस (सीआरएस) के मुताबिक, इस विधेयक से परिवार आधारित आव्रजन वीजा पर प्रत्येक देश को लेकर लगी सीमा को उस साल उपलब्ध ऐसे वीजा की कुल संख्या सात प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत हो जाएगा और रोजगार आधारित आव्रजन वीजा के लिए सात प्रतिशत की सीमा खत्म हो जाएगी।

## चीन में प्रत्यर्पित करने वाला विधेयक है मृतप्राय:कैरी लैम

हांगकांग,। हांगकांग की बीजिंग समर्थक नेता कैरी लैम ने मंगलवार को कहा कि चीन की मुख्य भूमि में प्रत्यर्पण की अनुमति देने से संबंधित व्यापक रूप से नफरत किये जाने वाला प्रस्ताव अब 'मृत प्राय' है लेकिन उसे वापस लेने की प्रदर्शनकारियों की मांग पर कुछ कहने से इनकार कर दिया। विभिन्न मार्च और पुलिस के साथ अलग- अलग हिंसक टकरावों के बाद हाल में यह वित्तीय केंद्र सबसे मुश्किल दौर में पहुंच गया है। लैम ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' इस बात को लेकर सरकार की ईमानदारी के बारे में अब भी संदेह है या चिंता है कि सरकार विधायी परिषद के साथ प्रक्रिया फिर से शुरू करेगी या नहीं।'' उन्होंने कहा, '' मैं फिर कहती हूं कि ऐसी कोई योजना नहीं है। विधेयक मृतप्राय हो गया है।'' ठंडे बस्ते में डाल दिये गये इस विधेयक के विरोध में रैलियां निकाली गयी थीं। इस विधेयक से चीन में प्रत्यर्पण की इजाजत मिल जाएगी। इन रैलियों ने अब व्यापक आंदोलन का रूप ले लिया है और लोकतांत्रिक सुधारों तथा घटती आजादी पर विराम लगाने की मांग की जाने लगी है।



*भारी तूफानी बारिश के दौरान वाशिंगटन में केनाल रोड के बाढ़ग्रस्त खंड पर फंसे हुए मोटरिस्ट।*

## अमेरिका में ब्रितानी राजदूत से नहीं रखेंगे कोई नाता : ट्रंप

वॉशिंगटन, ।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि वह देश में ब्रिटेन के राजदूत से अब आगे किसी तरह का संपर्क नहीं रखेंगे। ट्रंप का यह बयान कूटनीतिक ई-मेलों के लीक होने के बाद आया है जिसमें राजदूत ने ट्रंप को ''अकुशल'' बताया है। ट्रंप ने राजदूत किम डारोक के बारे में ट्वीट किया, मैं राजदूत को नहीं जानता लेकिन अमेरिका में उन्हें कोई पसंद नहीं करता या उनके बारे में किसी के अच्छे विचार नहीं हैं। वहीं ब्रिटेन इस घटना के बाद से रिश्तों में आई दूरी को पाटने की कोशिश में लगा हुआ है। ट्रंप ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री टेरेसा मे और उनके प्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए एक के बाद एक कई ट्वीट किए। उन्होंने कहा, अब हम उनसे (राजदूत से) कोई संबंध नहीं रखेंगे। साथ ही ट्रंप ने प्रधानमंत्री पद से मे की रवानगी का भी स्वागत किया।

## अफगानिस्तान और तालिबान के बीच दो दिवसीय वार्ता संपन्न

दोहा। दोहा में तालिबान के साथ अफगानिस्तान के प्रतिनिधिमंडल की दो दिवसीय वार्ता सोमवार को संपन्न हुई। इस बैठक के बाद अमेरिका और तालिबान के बीच नई वार्ता का आधार तैयार हुआ है। अफगानिस्तान में जर्मनी के राजदूत मार्क्स पोतजेल ने बताया कि यह वार्ता 'अफगानिस्तान में हिंसा कम करने के वादे और अपील' के संयुक्त बयान के साथ खत्म हुई।' पोतजेल ने कतर के साथ मिलकर इस वार्ता की मेजबानी की थी। अमेरिका और तालिबान के बीच मंगलवार को एक बैठक होगी जिसमें दोनों का ध्यान एक ऐसा प्रस्ताव तैयार करना है जिससे अफगानिस्तान में 18 साल से चल रहे युद्ध खत्म हो सके। वॉशिंगटन ने कहा है कि वह अफगानिस्तान के राष्ट्रपति चुनाव से पहले राजनीतिक समझौते पर पहुंचना चाहते हैं ताकि विदेशी बलों को अफगानिस्तान से बाहर निकालना शुरू किया जा सके। करीब 70 सदस्यों ने दोहा के एक लग्जरी होटल में इस बैठक में हिस्सा लिया और बैठक के बाद संयुक्त बयान पढ़ने पर सदस्यों ने तालियां बजाई।

# अमेरिका ने ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंधों की दी चेतावनी

वाशिंगटन ,।अमेरिका ने अपने हितों की सुरक्षा का हवाला देते हुए ईरान पर और कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है।

अमेरिकी उपराष्टपति माइक पेंस ने सोमवार को कहा, मैं स्पष्ट तौर पर कहना चाहता हूं कि ईरान को अमेरिकी धैर्य और संकल्प की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। हम बेहतर की उम्मीद करते हैं, लेकिन अमेरिका और उसकी सेना खाड़ी क्षेत्र में अपने हितों और नागरिकों की रक्षा करने के लिए हमेशा तैयार है।

पेंस ने यह बात इजरायल समर्थित ईसाई संगठन 'क्रिश्चियन यूनाइटेड फॉर इजरायल' के वार्षिक सम्मेलन में यह बात कही। अमेरिकी उपराष्टपति ने कहा कि ईरान की अर्थव्यवस्था पर कड़े प्रतिबंध लगातार जारी रहेंगे।

पेंस का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु समझौते के तहत यूरेनियम संवर्द्धन की तय सीमा को पार कर लिया है। ईरान ने 3.67 प्रतिशत की तय सीमा को पार कर अपना यूरेनियम संवर्द्धन 4.5 प्रतिशत तक कर लिया है। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रवक्ता बहरूज कमालवंडी ने यह घोषणा की।

इसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने भी ईरान को कड़े आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करने की चेतावनी दी।

पोम्पियो ने कहा, हमने ईरान पर इतिहास में अब तक का सबसे अधिक



दबाव बनाया है और हम इससे संतुष्ट नहीं हैं।

बोल्टन ने कहा, हम ईरान पर तब तक दबाव बनाये रखेंगे, जब तक कि वह अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को रोक नहीं देता और पूरे विश्व में आतंकवाद को संचालित और समर्थन देने सहित पश्चिम एशिया में हिंसक गतिविधियों को समाप्त नहीं कर देता है।

उल्लेखनीय है कि ओमान की खाड़ी में गत माह होरमुज जलडमरूमध्य के नजदीक दो तेल टैंकरों अल्टेयर और कोकुका करेजियस में विस्फोट की घटना और ईरान द्वारा अमेरिका के खुफिया ड्रोन विमान को मार गिराने के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है।

इससे पहले ईरान ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा था कि वह परमाणु समझौते के तहत यूरेनियम संवर्द्धन की तय सीमा को तोड़ेगा।

ईरान के उप विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने एक बयान में कहा था कि ईरान अब भी चाहता है कि परमाणु समझौता बना रहे लेकिन यूरोपीय देश अपनी प्रतिबद्धता से पीछे हट रहे हैं।

अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गत वर्ष मई में ईरान परमाणु समझौते से अपने देश के अलग होने की घोषणा की थी। इसके बाद से ही दोनों देशों के रिश्ते बहुत ही तल्ख हो गये हैं। इस परमाणु समझौते के प्रावधानों को लागू करने को लेकर भी संशय की स्थिति बनी हुई है।

गौरतलब है कि उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में ईरान ने अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत ईरान ने उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बदले अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने पर सहमति जतायी थी।



# चोटिल खिलाड़ियों से आस्ट्रेलिया को नुकसान: पोंटिंग

लंदन (आरएनएस)। आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सह कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि टीम के आखिरी ग्रुप मैच में हार और खिलाड़ियों की चोटों के कारण उसे इंग्लैंड के खिलाफ अपने सेमीफाइनल मुकाबले में नुकसान उठाना पड़ सकता है।गत चैंपियन आस्ट्रेलिया को अपने आखिरी ग्रुप मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी जिस कारण से वह तालिका में फिसलकर दूसरे नंबर पर आ गयी थी और भारतीय टीम शीर्ष पर पहुंच गयी। वहीं टीम के खिलाड़ियों उस्मान ख्वाजा को हैमस्ट्रिंग और मार्कस स्टोइनिस को बगल में चोट लग गयी जिससे उनकी जगह अब टीम में मैथ्यू वेड और मिशेल मार्श को आस्ट्रेलिया ए दौरे से चोटिल खिलाड़ियों के कवर के तौर पर बुलाया गया है। शॉन मार्श नेट सत्र में चोटिल होकर पहले ही टीम से बाहर हो चुके हैं। गत चैंपियन आस्ट्रेलिया को गुरूवार को मेज़बान इंग्लैंड से दूसरे सेमीफाइनल में भिड़ना है और इससे पहले खिलाड़ियों की चोटों ने उसकी सिरदर्दी बढ़ा दी है। टीम के सह कोच पोंटिग ने मौजूदा स्थिति पर निराशा जताते हुये कहा,विश्वकप में ऐसा होना नई बात नहीं है। लेकिन सेमीफाइनल से ठीक पहले आखिरी ग्रुप मैच में यह होना अलग है।

# अब बांग्लादेश के कोच नहीं रहे स्टीव रोहड्स

लंदन (आरएनएस)। आईसीसी विश्व कप-2019 के लीग दौर से बाहर होने वाली बांग्लादेश ने सोमवार को अपने मुख्य कोच स्टीव रोहड्स से आम सहमति से रास्ते अलग कर लिए हैं। यह करार समय से पहले समाप्त हुआ है। वेबसाइट ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, जून-2018 में टीम के कोच नियुक्त किए गए रोहड्स का कार्यकाल दो साल का था। वह अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप तक टीम के कोच रहने वाले थे, लेकिन बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और रोहड्स ने आम सहमति से करार को समाप्त करने का फैसला किया।

वेबसाइट ने बीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निजामुद्दीन चौधरी के हवाले से लिखा है, विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच के बाद बोर्ड ने समीक्षा बैठक की थी। इसमें फैसला किया गया कि बोर्ड और रोहड्स अब करार के तहत काम नहीं करेंगे। यह अलगाव आम सहमति से है। चौधरी के मुताबिक, बीसीबी ने हालांकि आगामी श्रीलंका सीरीज के लिए अभी तक नए कोच को लेकर कोई फैसला नहीं किया है।

टीम के बल्लेबाजी कोच नील मैकेंजी इस समय छुट्टी पर हैं जबकि तेज गेंदबाजी कोच कर्टनी वॉल्श और स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी का कार्यकाल विश्व कप से बाहर होने के बाद ही समाप्त हो गया है। इन करारों को अभी तक बढ़ाया नहीं गया है। बांगलादेश टीम के ड्रेसिंग रूम में अब बस सिर्फ एक कोच हैं वो हैं फील्डिंग कोच रयान कुक। बांग्लादेश ने विश्व कप में कुछ बड़ी जीतें हासिल कीं और अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया लेकिन वह सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच पाई।


## नेमार के खिलाफ कार्रवाई करेगा पीएसजी

पेरिस,(आरएनएस)। फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के स्टार खिलाड़ी नेमार 2019-20 सीजन से पहले के ट्रेनिंग सेशन में नहीं पहुंचे, जिसके कारण क्लब उन पर कार्रवाई करेगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, 27 वर्षीय ब्राजील के खिलाड़ी को सोमवार को ट्रेनिंग पर पहुंचना था। वह चोटिल होने के कारण ब्राजील के लिए कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में भी नहीं खेले। ब्राजील ने पेरू को 3-1 से मात देकर खिताब जीता।

क्लब ने एक बयान में कहा, पीएजसी ने देखा कि नेमार जूनियर निर्धारित समय और स्थान पर मौजूद नहीं थे। इसके लिए उन्होंने क्लब से अनुमति भी नहीं मांगी।पीएसजी के ट्रेनिग में शामिल न होने के कारण नेमार के स्पेनिश क्लब एफसी बार्सिलोना में शामिल होने की उम्मीद बढ़ गई है। बार्सिलोना के अध्यक्ष जोसप बाटरेमेयू ने पिछले सप्ताह कहा था कि नेमार फ्रेंच क्लब छोड़ना चाहते हैं। नेमार ने 22.2 करोड़ यूरो में पीएसजी से जुड़ने के बाद से 37 मैच में 34 गोल दागे हैं। हालांकि, इस दौरान वह चोट से जूझते रहे हैं।

## सेमीफाइनल में मैदान पर उतरते ही धोनी ने हासिल की उपलब्धि, 350 वनडे इंटरनैशनल मैच पूरे

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मैच में मैदान पर उतरते ही एक और उपलब्धि हासिल की। वह 350 वनडे इंटरनैशनल मैच खेलने वाले ओवरऑल 10वें क्रिकेटर बन गए। वह ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर हैं। भारत और न्यू जीलैंड के बीच वर्ल्ड कप-2019 का पहला सेमीफाइनल मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जा रहा है।




इस मैच में न्यू जीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। टीम इंडिया को अपनी कप्तानी में 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप दिला चुके धोनी इस मैच में विकेटकीपिंग करने उतरे और उन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर ली।

धोनी से पहले दिग्गज सचिन तेंडुलकर ने यह उपलब्धि हासिल की। %गॉड ऑफ क्रिकेट% सचिन के नाम 463 वनडे मैचों में रेकॉर्ड 18426 रन दर्ज हैं। भारतीयों में धोनी के बाद दिग्गज राहुल द्रविड़ का नंबर आता है, जिन्होंने 344 वनडे इंटरनैशनल मैच खेले हैं और कुल 10889 रन बनाए हैं।

साल 2004 में वनडे इंटरनैशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले धोनी ने इस फॉर्मेट में 10 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। सचिन के अलावा महेला जयवर्दने, सनथ जयसूर्या, कुमार संगकारा, शाहिद अफरीदी, इंजमाम उल हक, रिकी पॉन्टिंग, वसीम अकरम और मुथैया मुरलीधरन भी 350 या इससे ज्यादा वनडे इंटरनैशनल मैच खेल चुके हैं।

## मीराबाई ने राष्ट्रमंडल सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता

आपिया ,(आरएनएस)। पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई चानू ने कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के पहले दिन मंगलवार को गोल्ड मेडल जीता। भारतीय दल ने 8 गोल्ड, तीन सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल समेत 13 पदक अपने नाम किए।

मीराबाई ने महिलाओं के 49 किलो वर्ग में 191 किलो (84 प्लस 107) वजन उठाया। यहां से मिले अंक 2020 तोक्यो ओलिंपिक की अंतिम रैंकिंग में काफी उपयोगी साबित होंगे। मीराबाई ने अप्रैल में चीन के निंगबाओ में एशियाई चैंपियनशिप में 199 किलो वजन उठाया था लेकिन मामूली अंतर से पदक से चूक गई थी।




*विजयी ट्रॉफी के साथ पोज देते ब्राजील के खिलाड़ी।*

## पंघाल विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे

नईदिल्ली, (आरएनएस)। एशियाई चैम्पियन अमित पंघाल सितंबर में होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में आठ सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। पंघाल (52 किग्रा) को एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के कारण चयन ट्रायल से नहीं गुजरना पड़ा जबकि राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मनीष कौशिक ने शिव थापा को पछाड़ कर नये 63 किलो भार वर्ग में जगह पक्की की। रूस के एकतेरिनबर्ग में सात से 21 सितंबर तक खेले जाने वाली इस चैम्पियनशिप में पंघाल और मनीष के अलावा कविन्द्र सिंह बिष्ट (57 किग्रा), दुर्योधन सिंह नेगी (69 किग्रा), आशीष कुमार (75 किग्रा), ब्रिजेश यादव (81 किग्रा), संजीत (91 किग्रा) और सतीश कुमार (91 किग्रा से अधिक) ने पिछले सप्ताह पटियाला के राष्ट्रीय खेल अकादमी में हुए चयन ट्रायल से टीम में जगह बनायी। भारतीय मुक्केबाजी संघ से पहले ही साफ कर दिया था कि हर वर्ग में दो शीर्ष मुक्केबाज ट्रायल में भाग ले सकेंगे और चयन के लिए उन दोनों के हाल के प्रदर्शन को तव्वजों दी जाएगी। इस प्रतियोगिता से पहले ओलंपिक कोटा भी निर्धारित था लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) में प्रशासनिक और वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगते हुए 2020 ओलंपिक खेलों के लिए प्रतियोगिता आयोजित कराने पर रोक लगा दी है।

## सेरेना विलियम्स पर लगा 10,000 डॉलर का जुर्माना

लंदन (आरएनएस)। अमेरिका की स्टार महिला खिलाड़ी सेरेना विलियम्स पर ऑल इंग्लैंड क्लब ने यहां जारी साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के दौरान टेनिस कोर्ट को नुकसान पहुंचान के लिए 10,000 डॉलर का जुर्माना लगाया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यह घटना टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले हुए अभ्यास सत्र के दौरान हुई थी। सात बार की विंबलडन चैम्पियन ने सोमवार को कार्ला सुआरेज नवारो को मात देकर चार्टर फाइनल में जगह बनाई। इस साल यह उनका केवल छठा टूर्नामेंट है।

इस बीच, इटली के फेबियो फोग्निनी पर भी 3,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा था कि तीसरे दौर में हार झेलने के दौरान वह उम्मीद कर रहे थे कि विंबलडन पर कोई बम गिर जाए। आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी निक कीरियोस पर पहले दौर के लिए 3,000 और दूसरे दौर के लिए 5,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। यह दोनों जुर्माने उनपर खेल भावना न दर्शाने के लिए लगाए गए हैं। उन्हें दूसरे दौर में स्पेनिश दिग्गज राफेल नडाल के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी।

## म.प्र.स्थाईकर्मी कल्याण संघ अपनी मांगों को लेकर 18 को करेगें विधानसभा का घेराव

सीहोर। म.प्र.स्थाईकर्मी कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष गजराज सिंह गेहलोत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपने वचन पत्र में वादा किया गया था कि स्थाई कर्मीयों को नियमित करेगें एवं सातवा वेतनमान देगें सहित अन्य सरकारी सुविधा उपलब्ध करायेगें। जैसे अनेक वादे म.प्र.स्थाईकर्मियों के लिये किये गये थे। परन्तु आज दिनांक तक प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा स्थाई कर्मचारियों की एक भी समस्या हल नही की गई है, जिसको लेकर म.प्र.स्थाईकर्मी कल्याण संघ द्वारा कई बार मांग की गई एवं आन्दोलन भी किये गये थे। परन्तु कोई सुनवाई नही की गई है। जिसके कारण प्रदेश भर के सभी स्थाई कर्मियों में रोष व्याप्त है। जिसको लेकर दिनांक 18 जुलाई 2019 को म.प्र.स्थाईकर्मी कल्याण संघ द्वारा विधानसभा का घैराव किया जावेगा। इस मौके पर प्रदेश व जिले के सभी विभागों के स्थाई कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## खंगराले कांग्रेस सेवा दल जिलाध्यक्ष नियुक्त

सीहोर। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई के निदेशानुसार सेवादल प्रदेशाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र यादव ने सेवादल जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। प्रदेशाध्यक्ष श्री यादव ने कांग्रेंस के सक्रिय नेता झुग्गी झोपड़ी कांग्रेस प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पार्षद नरेंद्र खंगराले को सेवादल सीहोर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री खंगराले ने कहा की जिले में सेवादल जनहित में कर्मठता से कार्य करेगा। जल्द हीं जिला सेवादल कार्याकारिणी का गठन किया जाएगा। वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त कर कांग्रेसजनों ने श्री खंगराले को बधाई दी है।

## अभाविप के 70 वें स्थापना दिवस पर मेघावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

सीहोर। अभाविप 70 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सीहोर के द्वारा नगर के विधालय के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंम किया गया कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जिले के जिले के जिला संयोजक सतपाल ठाकुर ने विद्यार्थी परिषद की कार्य पद्धति एवं सिद्धांतो को बच्चों को परिषद के बारे में बताया गया, उसके पश्चात कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अरूण दांगी ने परिषद की गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त रूप में बताया वही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सीहोर के प्राचार्य जयसिंह ठाकुर ने परिषद से अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं जूड़े और राष्ट को पुनिर्माण की और अग्रसित करें। जिसमें मुख्य रूप से राहुल मालवीय, अमीत दांगी, सत्यम राठौर, लक्की सक्सेना, शिभम धाड़ी, देवेन्द्र सिंह राजपूत, विशाल यादव, ऋषि सोनी, हर्षित मेवाड़ा, आकाश शर्मा, शुभम व्यास, कृपाल दांगी, संजय दांगी, बृजेश राजपूत, आकाश, नयन, दीपक, रीतिक अरोरा, तुषार, प्रायांशु, मनीष, हरीश, हरमेश, कपील, मोनू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# मॉब लिचिंग के नाम पर राम भक्तों, गौरक्षकों को किया जा रहा है बदनाम- विहिप जिलाध्यक्ष शर्मा

### नाराज बजरंगियों ने आक्रोश रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम दिया डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन

सीहोर। टाउन हाल में मंगलवार को बजरंग दल विहिप कार्यकर्ताओं को विहिप बजरंग दल जिला अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने संबोधित किया। उन्होने कहा की

हिन्दू समाज और धार्मिक स्थलों पर जिहादी संगठनों के द्वारा हमले किए जा रहे है। मॉब लिंचिंग के नाम पर देश के ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणों गौरक्षकों और राम भक्तों, राष्टवादियों को हिन्दू विरोधी देश द्रोही गतिविधियों में संलग्र अलगाववादी मानसिकता के संगठन बदनाम कर रहे है। जिहादियों के द्वारा हिन्दू बहनों मासूम बालिकाओं के साथ दरिंदगी को अंजाम दिया जा रहा है। बजरंगदल विश्वहिन्दू परिषद यह बर्दाश्त नहीं करेगा।

बजरंग दल विहिप कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष श्री शर्मा के नेतृत्व में टाउनहाल परिसर से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट भवन तक विरोध रैली निकाली। कार्यकर्ताओं ने राष्टपति के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर रवि वर्मा को दिया। जिलाध्यक्ष शर्मा ने ज्ञापन का वाचन किया।

उन्होने कहा की राष्टवादियों को बदनाम करने के लिए देश भर में षडयंत्र किया जा रहा है। जिहादियों की बड़ती दरिंदगी विश्व में भारत को शर्मसार कर रहीं है। हिन्दुओं का जबरन धर्मान्तरण कराया जा रहा है। जिहादियों के कारण हिन्दू पलायन को मजबूर हो रहा है। कश्मीर में अलगाववाद की बात की जा रही है। केरल,बंगाल, कर्नाटक में हिन्दूओं पर आक्रमण किया जा रहा है। दिल्ली चांदनी चौक क्षेत्र में मंदिर के साथ हिन्दू परिवारों के घरों को तोड़ दिया गया। श्री शर्मा ने कहा की चोरों गौ हत्यारों गौ तस्करों और पेशेवर हमलावरों को बचाने के लिए योजनाबंद्ध हिन्दू आस्था केन्द्रों को निशाना बनाया जा रहा है। देश की सांस्कृतिक आजादी के बीज मंत्र युवा शक्ति में जोश भरने वाले जय श्रीराम के जय घोष को बदनाम करने का प्रयास जिहादियों के द्वारा किया जा रहा है। कथित सैक्यूलर बिरादरी इस को हवा देने में लगी हुई है। विहिप जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने राष्टपति से देश विरोधी अराजक जिहादी संगठनों पर अंकुश लगाकर राष्ट मूल्यों और हिन्दू समाज की रक्षा करने की मांग की है।



# जनसुनवाई में प्राप्त हुए लगभग 95 आवेदन

सीहोर । मंगलवार को कलेक्टर अजय गुप्ता की उपिस्थति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से लगभग 95 आवेदन प्राप्त हुए। आर्थिक स्थिति खराब होने पर मदद हेतु, अतिक्रमण, राशनकार्ड, रजिस्ट्री विवाद, मकान हेतु विवाद, जल की समस्या, बीपीएल सूची में नाम जोड़ने हेतु, जैसे समस्याएं शामिल हैं। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अरुण कुमार विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर विनोद कुमार चतुर्वेदी सहित समस्त विभागों जिला प्रमुख उपस्थित थे।

## सामाजिक व्यवस्था परिवर्तन के बगैर देश का विकास संभव नहीं- प्रो.डी.आर.ओहोल

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में दी विस्तार से जानकारी

सीहोर। सामाजिक, व्यवस्था परिवर्तन के बगैर देश का सर्वांगिण विकास संभव नहीं है। सामाजिक गैर बराबरी, जातिगत और मजहबगत अन्याय अत्चार तथा संवैधानिक अधिकारों को कुचलने से देश में अराजकता का माहौल पैदा हो रहा है। जिसे रोकने के लिए देश में वास्तविक आजादी की एक और जंग लड़ने की जरूरत है। उक्त विचार राष्टीय मुस्लिम अल्पंसख्यक मोर्चा की जिला ईकाई द्वारा आष्टा में आयोजित दो दिवसीय सामाजिक प्रशिक्षण शिविर में बामसेफ के राष्टीय प्रधान महासचिव प्रोफेसर डी.आर.ओहोल ने उक्त बातें कहीं।

राष्टीय मुस्लिम अल्पसंख्क मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.फारूख अंसारी ने जानकारी दी कि मोर्चा के माध्यम से देश में जनजाग्रति के कार्यक्रम प्रदेश भर में आयोजित किए जा रहे है। इसी के तहत आष्टा के आम्बेडकर सभाकक्ष में यह आयोजन किया गया था। श्री अंसारी ने कहा आजादी के 70 सालों के बाद भी देश में मुसलमानों के हालात बद से बदत्तर हो गए हैं। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट उजागर हो चुकी है देश में 52 हजार मुस्लिम नौजवान बेगुनाह होते हुए भी जेलों में बंद है। इस देश की आजादी के लिए क्रांतिकारी महापुरूषों सहित हजारों उलेमाओं ने एक लंबी जंग लड़ी और अपनी शहादत दी है । लेकिन आजादी के इतने बरसों बाद भी हमें वाजिब हक और अधिकारी अब तलक नहीं मिल पाए हैं। आज भी हम संवैधानिक हकों से वंचित है। कार्यक्रम की सफलता के लिए मोहम्मद नासिर खोखर, एम.जी.खान,अशफाक खोखर,मोहम्मद माज खान,रईश खान, साजिद खान, नौशाद खान,इशहाख खान एवं अन्य साथियो का विशेष योगदान रहा।

## ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से आवंटित स्कूल में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि आज

सीहोर। म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार सत्र 2019-20 के लिये शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश हेतु दिनांक 01 जुलाई 2019 को ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से स्कूलों का आवंटन किया जा चुका है। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा ऑनलाईन लॉटरी के तहत चयनित आवेदकों को ऑनलाईन लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत 01 जुलाई 2019 को आवंटित स्कूल की सूचना आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर एस.एम.एस. के माध्यम से प्रदान की गई है। आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवंटन पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजो सहित आवंटित स्कूल में प्रवेश हेतु उपस्थित होना है। जिन आवेदकों को एस.एम.एस. प्राप्त नही हुआ है वह भी सीधे ही आनलाईन कियोस्क पर जाकर आवंटन पत्र निकलवा सकते है। ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से चयनित बच्चों द्वारा आवंटित स्कूल में निर्धारित समय-सीमा दिनांक 10 जुलाई 2019 तक उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से प्रवेश लेना है। इस समयावधि के अंदर प्रवेश हेतु उपस्थित नहीं होने पर आवंटन स्वतः निरस्त हो जाएगा।

## राज्य सरकार द्वारा बढ़ाएं गये पेट्रोल के दामों का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

### प्रदेश सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल दाम वृद्धी वापस ले सरकार-मानसिंह पंवार

सीहोर भाजपा के वरिष्ठ नेता मानसिंह पवार प्रदीप बिजोरिया ने मध्य प्रदेश के सीएम कमलनाथ से मांग की है कि प्रदेश राज्य सरकार द्वारा डीजल एवं पेट्रोल के दाम पर जो अनावश्यक रूप से 2 रुपये प्रतिलिटर की वृद्धि की है उसे गलत बताते हुए बताया कि ना तो वर्तमान में राज्य सरकार कोई जन हितेषी योजना लाई है और ना ही किसी प्रकार का अंतरिम बजट पेश किया है। बिना किसी कारण के केंद्र सरकार के देखा देखी राज्य सरकार ने भी डीजल एवं पेट्रोल के दामों में दो-दो रुपये प्रति लीटर के हिसाब से वृद्धि कर दी गई है जिसकी वजह से आम जनता पर अचानक भार पड़ा है। ऐसी दशा में राज्य सरकार से मांग की जाती है कि वह बिना किसी कारण के केंद्र सरकार की देखा देखी डीजल पेट्रोल भाव केंद्र सरकार द्वारा जो दर बढ़ाए गए बजट पेश करते हुए बढ़ाए हैं। राज सरकार से मांग की गई है कि वह पेट्रोलियम पदार्थ पर जनता को राहत दे। मांग करने वालों में मान सिंह पवार, प्रदीप बिजोरिया, अशोक जैन, अनिल जैन, रमेश शुक्ला, अशोक राठौर, राजा, आतिष शुक्ला, निर्मल पवार, मोहन चौरसिया, लक्ष्मी नारायण साहू, हिरदेश महेश्वरी, सतीश खत्री, डॉ पूरन सिंह राठौड़, डॉक्टर नारायण प्रसाद गुप्ता, जगदीश शर्मा, हरीश राठौर, अजय मिश्रा, नागेंद्र तोमर आदि लोग सम्मिलित है।

## नर्मदा के पानी को लेकर जनता ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

सीहोर। विगत कई वर्षो से नर्मदा पानी सीहोर लाने का चल रहा हैं पर आज तक नर्मदा पानी सीहोर लाने के लियें गंभीर पूर्वक विचार नहीं किया गया। आज सीहोर में बढ़ती बेरोगारी के पीछे पानी ही मूल समस्या हैं। नर्मदा के पानी को सीहोर मंगाने के लिये सीहोर के लोगो ने कलेक्ट्रेड कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।



होशंगाबाद । भारतीय जनता पार्टी का संगठन पर्व सदस्यता अभियान निरन्तर जारी है। होशंगाबाद नगर मंडल द्वारा हर वर्ग को मिस्डकॉल कराकर भाजपा का सदस्य बनाया जा रहा है।

## स्थानान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि आज

सीहोर। शिक्षक संवर्ग के स्थानांतरण आवेदन जनजातीय कार्य विभाग के पोर्टल www.tribal.mp.gov.in पर 10 जुलाई तक आनलाईन आवेदन किये जा सकते है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदन करने के उपरांत आवेदन की प्रिंट आउट संकुल प्राचार्य से सत्यापन कराकर 3 दिवस के भीतर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यालय में जमा करायें। अतिथि शिक्षक/स्थानान्तरण हेतु जिलान्तर्गत शिक्षक संवर्ग के रिक्त पदों की सूची www.mp.gov.nic.in पर अपलोड कर दी गई है।

## किया जाएगा अहिल्याबाई होलकर धर्मशाला का निर्माण

सीहोर। ग्राम महोडिआ में अहिल्याबाई होलकर धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा। सोमवार को धनगर समाज के साथ समाजसेवी गंगाधर पटेल ने पंडित राजेन्द्र व्यास के सानिध्य में भूमि पूजन कर धर्मशाला निर्माण का जनहित में शुभारंभ किया । शुभारंभ अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि धनगर समाज को धर्मशाला निर्माण में जरूरत लगेगी उस कमी को पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में दोलत सिंह धनगर, जीतमल धनगर, कमल धनगर, बाबूलाल धनगर, नारायण सिंह धनगर, हुकम सिंह धनगर, अमर सिंह जी धनगर, ओंकार सिंह धनगर, केदार सिंह धनगर, कमल सिंह, मोतीलाल धनगर सहित समस्त समाज बंधु उपस्थित थे।

## 15 जुलाई तक पंजीकृत श्रमिकों का होगा सत्यापन

सीहोर। पात्र श्रमिकों और उनके परिवारों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए राज्य शासन के निर्देशानुसार म.प्र. भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार मण्डल योजना के तहत एक अभियान चलाया जाकर अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाए जा रहे हैं, ताकि वास्तविक पात्र व्यक्ति ही योजना से लाभांवित हो सकें। इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। म.प्र. भवन एवं अन्य कर्मकार कल्याण मण्डल योजनांतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के सत्यापन हेतु ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पंचायतवार, वार्डवार पंजीकृत हितग्राहियों की सूची का डोर-टू-डोर सत्यापन कराया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत में सचिव एवं नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी, सत्यापन कार्य करेंगे, वे संबंधित पंचायत वार्ड के नोडल अधिकारी होंगे। यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा।

अभियान में सत्यापन के दौरान सूची में ऐसे पात्र हितग्राही, जिनके आधार नम्बर उपलब्ध नहीं हैं, उनके आधार नम्बर भी प्राप्त किये जाकर पोर्टल पर अद्यतन किये जायेंगे। इस अभियान में मुख्यमंत्री जनकल्याण योजनांतर्गत भी अपात्र पंजीकृत व्यक्तियों के नाम हटाने की कार्यवाही इसी अवधि में की जायेगी।

## पौधरोपण के लिए गांवों में जाकर ग्रामीण को प्रेरित करेंगे

सीहोर। पर्यावरण सुरक्षा के लिए ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पंडित महेश दुबे ग्रामीणों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता श्री दुबे बुधवार को रायपुरा स्थित सांवली माता मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों बुजुर्गो की विशेष उपास्थिति में विधिवत पूजा अर्चना कर ग्राम्यपौध रोपण अभियान का शुभारंभ करेंगे। भाजपा नेता श्री दुबे विधानसभा क्षेत्र सीहोर के अंतर्गत आने वाले गांवों में पहुंचकर चौपाल लगाकर ग्रामीणों को पौधरोपण और पेड़ों की सुरक्षा से होने वाले फायदों को बताएंगे। अभियाान के दौरान पंडित श्री दुबे केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा संचालित किसान हितैशी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी ग्रामीणों को देंगे। पंडित श्री दुबे ने बताया की प्रशासन और विभिन्न संगठनों के द्वारा केवल शहरी क्षेत्र में हीं पर्यावरण सुरक्षा और पौध रोपण के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस मामले में जागरूकता फेलाने की सख्त जरूरत है। भाजपा नेता श्री दुबे ने इस ग्रामीण पौधरोपण अभियान में सम्मिलित होने की अपील पर्यावरण प्रेमियों नागरिकों से की है।

# जनसंख्या नियंत्रण पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित

### स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रों ने रखें विचार, निबंध लिखकर जनसंख्या नियंत्रण को रेखांकित किया

सीहोर। विश्व जनसंख्या स्थिरता माह-2019 तथा दंपति संपर्क पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में राष्टीय विकास में जनसंख्या नियंत्रण जरूरी विषय पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, नूतन उच्चतर माध्ययमिक विद्यालय, शासकीय कस्तूरबा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आक्सफोर्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय ग्वालटोली हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. आनंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 जुलाई से 11 अगस्त 2019 तक जनसंख्या स्थिरता माह का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.टी.आर.उईके ने कहा सभी छात्रों ने भाषण एवं निबंध में उत्कृष्ट विचार रखें उन्होंने आव्हान किया कि प्रतियोगी छात्र स्वास्थ्य दूत के रूप में जनसंख्या नियंत्रण के लिए काम करें। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के.बांगरे ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए लोगों को और अधिक जागरूक करने पर बल दिया तथा कहा कि छात्रों को अपने करीबियों घर-परिवार और पडोसियों को भी जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया समन्वयक शैलेश कुमार ने किया।

## बी.एड. विज्ञान हेतु 17 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

सीहोर। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के वरिष्ठ अध्यापक, संविदा शाला शिक्षक वर्ग -1, अध्यापक एवं संविदा शाला शिक्षक वर्ग -2 के अभ्यर्थियों से बीएड विज्ञान पाठ्यक्रम 2019-21 हेतु निर्धारित प्रारूप में 17 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अथवा सीधे आवेदन कर सकते हैं। बी.एड. (विज्ञान) पाठ्यक्रम हेतु विज्ञान विषय से स्नातक अथवा स्नातकोत्तर ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। प्रवेश हेतु विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट www.educationportal.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

## 1 से 20 अगस्त तक चलेगा कुष्ठ रोगी खोज अभियान

सीहोर। प्रदेश में कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जागरुकता लाकर रोग के उपचार एवं व्याप्त भ्रांतियों में कमी लाई जाना प्रदेश शासन का एक प्रमुख लक्ष्य है। इसी उद्देश्य से राष्टीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अनतर्गत 1 अगस्त से 20 अगस्त तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले में घर-घर खोज के माध्यम से सघन स्कीनिंग कर संभावित कुष्ठ रोगी की पहचान कर जांच उपरांत उपचार प्रदाय किया जाना है जिससे प्रदेश को कुष्ठ रोग से मुक्त किया जा सकेगा।

अभियान का लक्ष्य कुष्ठ रोगी की पहचान रोग की प्रारंभिक अवस्था में कर उपचार प्रदाय कर कुष्ठ रोग के कारण होने वाली विकृति को कम करना, चिन्हित समस्त चर्मरोगी विशेषकर कुष्ठ रोगियों की पहचान कर पूर्ण उपचार प्रदाय करना एवं समाज में कुष्ठ रोग के प्रति जागरुकता लाना है।

## महिलाओं की समस्याओं का निराकरण करने हेतु दल गठित

### ग्राम चन्देरी सहित पांचों ग्रामों में शासकीय दल जाकर महिलाओं की समस्याओं का करेगा निराकरण

सीहोर। विगत दिनों ग्राम चन्देरी की माध्यमिक शाला में महिलाओं का जनजाग्रीत शिविर रखा गया था। जिसमें पांच गांव चन्देरी, पिपलियामीरा, शेरपुर, भगवानपुरा, बडनगर एवं बमूलिया बड़ा की महिलाऐं सामूहिक रुप से उपस्थित होकर शिविर में भाग लिया। जिसमें पुलिस अधीक्षक एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीहोर व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के समक्ष ग्राम की महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं की सुचि समक्ष में प्रस्तुत की गई थी, जिसमें प्रमुख समस्या मांग जैसे पीएम आवास, बीपीएल राशन कार्ड, उज्जवला योजना, पेंशन, आवासीय पट्टा, रोजगार आदि समस्याऐं रखी गई थी।

उक्त पाचों ग्राम की महिलाओं की समस्याओं की सूचि पर कलेक्टर सीहोर एवं जिला पंचायत सीहोर द्वारा एक निर्देश सम्बंधित सभी विभागों को जारी किया गया। उक्त दल में सहायक विस्तार अधिकारी (एडीओ), पंचायत समनव्ययक अधिकारी (एपीओ), ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व सम्बंधित गांव के पटवारी आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं का एक संयुक्त रुप से दल का गठन किया गया। जिसमें उपरोक्त दल पांचों ग्रामों में जाकर संलग्न सूचि में उल्लेखित महिलाओं से सम्पर्क कर पीएम आवास, बीपीएल राशन कार्ड, उज्जवला योजना (गैस टंकी), पेंशन आवासीय पट्टा और रोजगार का लाभ तत्काल दिलाने के निर्देश दिये गये हैं। इन विभागों को तत्काल कार्यवाही करने के दिये गये निर्देश

जिला खाद्य आपूर्ति विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य अयांत्रिकीय विभाग, पशुपालन विभाग, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र विभाग, महिला बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, अनुविभागीय राजस्व एवं तहसीलदार सीहोर को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया, भोपाल से मुद्रित तथा तरूण गर्ग 26 मेन रोड पान चौराहा सीहोर 9827204400 से प्रकाशित। dainikkshitijkiran@gmail.com,tarungargsehore@gmail.com सह सम्पादक- भावना सक्सेना। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। दूरभाष-भोपाल-2660008 www.kshitijkiran.com